दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली बुधवार 03 जून -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 160 पेज -08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## आज शाम कर्नाटक के मुख्यमंत्री की शपथ लेंगे डीके शिवकुमार

**बेंगलुरु।** डीके शिवकुमार की ताजपोशी की तारीख तय हो गई है और वह आज कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण की तैयारियाँ शुरू हो गई हैं। शपथ ग्रहण समारोह लोक भवन के ग्लास हाउस में होगा। यह एक सादा समारोह होगा।

शिवकुमार के साथ शुरू में 8 से 10 नए मंत्रियों के शपथ लेने की संभावना है। माना जा रहा है कि बाद में कैबिनेट का विस्तार होगा, खासकर राज्यसभा चुनाव के बाद। पूरी कैबिनेट में पुराने मंत्रियों में से आधे से ज्यादा को हटाने की तैयारी है ताकि नए और युवा चेहरों को मौका मिल सके।

नई सरकार में 4 उपमुख्यमंत्री बनाने की चर्चा जोरों पर है। कांग्रेस पार्टी जाति और क्षेत्रीय समीकरण साधने के लिए यह कदम सोच रही है। माना जा रहा है कि कांग्रेस के लिए वोकलिगा, लिंगायत, दलित, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों का संतुलन बनाना जरूरी है।

# सूर्या हत्याकांड : अब शुरू हुई अवैध मदरसों पर कार्रवाई

## भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और मृणालिनी सिंह ने की पीड़ित परिवार से मुलाकात



## हत्याओं पर राज्यपाल वीके सिंह ने जताई चिंता, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश


मृतक सूर्या प्रताप चौहान










**निर्मम हत्या**

**सत्यापन अभियान तेज, पीड़ित परिवार से मिलने के लिए लगा नेताओं का तांता**


हत्यारोपी असद (मृतक)

**मंगलवार को भी जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ और पुलिस कमिश्नर जे रविन्दर गौड ने खोड़ा पहुंचकर हालात का जायजा लिया।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** खोड़ा के सूर्या चौहान हत्याकांड के बाद खोड़ा क्षेत्र पिछले एक सप्ताह से प्रदेश की सबसे चर्चित घटनाओं में शामिल है। एक तरफ पुलिस ने मुख्य आरोपी असद को मुठभेड़ में मार गिराया, वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन और पुलिस लगातार क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिन-रात जुटे हुए हैं। मंगलवार को भी जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ और पुलिस कमिश्नर जे रविन्दर गौड ने खोड़ा पहुंचकर हालात का जायजा लिया। इस दौरान तीन अवैध मदरसों को सील किया गया, जबकि कई अन्य संस्थान प्रशासन की निगरानी में बताए जा रहे हैं। सूर्या हत्याकांड के बाद खोड़ा में राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, हिंदूवादी संगठनों और विभिन्न जनप्रतिनिधियों का लगातार आना-जाना बना हुआ है। भाजपा नेताओं से लेकर पूर्व सांसद परिवार और अन्य संगठनों के प्रतिनिधि पीड़ित परिवार से मुलाकात कर रहे हैं। दूसरी ओर पुलिस और प्रशासन किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क है।

### हर गली और चौराहे पर पुलिस, ड्रोन से रखी जा रही निगरानी



करंट क्राइम : हत्या और उसके बाद हुई कार्रवाई के बाद खोड़ा की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह बदल चुकी है। क्षेत्र के प्रमुख चौराहों, बाजारों और संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात है। ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है, जबकि डॉग स्क्वायड, खुफिया इकाइयों और स्थानीय पुलिस को विशेष जिम्मेदारियां दी गई हैं। पुलिस का पूरा फोकस इस बात पर है कि किसी भी तरह की अफवाह, उकसावे या तनाव की स्थिति पैदा न हो। इसके लिए लगातार गश्त और फ्लैग मार्च भी किए जा रहे हैं।

### सत्यापन अभियान में जुटी पुलिस, अपराधियों की बनाई जा रही सूची

करंट क्राइम : सूर्या हत्याकांड के बाद खोड़ा और आसपास के क्षेत्रों में व्यापक सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। किरायेदारों, संदिग्ध व्यक्तियों और पुराने अपराधियों का सत्यापन किया जा रहा है। पुलिस हत्या, लूट, चोरी, छिनैती, मादक पदार्थ तस्करी और आर्म्स एक्ट से जुड़े अपराधियों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रख रही है। राजस्व विभाग, पुलिस और स्थानीय प्रशासन की संयुक्त टीमें मकानों और संपत्तियों का भी भौतिक सत्यापन कर रही हैं। जिन संपत्तियों को लेकर शिकायतें मिली हैं, उनकी अलग से जांच की जा रही है।

### तीन मदरसे सील, प्रशासन की रडार पर कई अन्य संस्थान





करंट क्राइम : मंगलवार को लोकप्रिय विहार क्षेत्र स्थित तीन मदरसों को प्रशासन ने सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान बिजली कनेक्शन काटे गए और भवनों पर सीलिंग आदेश चस्पा किए गए। अधिकारियों का कहना है कि नियमों के उल्लंघन की शिकायतों की जांच जारी है और आवश्यकता पड़ने पर आगे भी कार्रवाई होगी।

### यूपी की कानून व्यवस्था पर अखिलेश यादव ने उठाए गंभीर सवाल



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाल में हुई कई हत्याओं का उल्लेख करते हुए सरकार पर निशाना साधा। सूर्या हत्याकांड के बाद खोड़ा लगातार राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बना हुआ है। राष्ट्रीय मीडिया, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, सामाजिक संगठन और जनप्रतिनिधि लगातार क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। प्रशासनिक कार्रवाई, पुलिस की सख्ती और राजनीतिक बयानबाजी के बीच खोड़ा पूरे प्रदेश की नजरों में बना हुआ है।

### भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल से लेकर मृणालिनी सिंह तक ने की मुलाकात



करंट क्राइम : भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने मंगलवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। वहीं मिजोरम के राज्यपाल एवं पूर्व सांसद जनरल वी.के. सिंह की पुत्री मृणालिनी सिंह ने भी परिवार से मिलकर आर्थिक सहायता प्रदान की और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

### हत्याओं पर राज्यपाल वीके सिंह ने जताई चिंता, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश



करंट क्राइम : मिजोरम के महामहिम राज्यपाल एवं गाजियाबाद के पूर्व सांसद वीके सिंह ने जिले में हाल के दिनों में हुई हत्या की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और गाजियाबाद पुलिस कश्निर से वार्ता कर सभी मामलों में त्वरित एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल ने लोनी क्षेत्र के गनौली गांव निवासी ओंकार की हत्या के बाद शव को ले जाने की घटना को अत्यंत जघन्य बताते हुए कहा कि इस मामले के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा शव की बरामदगी के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। इसके साथ ही उन्होंने खोड़ा क्षेत्र में युवक सूर्या चौहान की हत्या तथा पैरा खिलाड़ी चिराग त्यागी की हत्या पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है ताकि अपराधियों में कानून का भय बना रहे और अपराध की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके। राज्यपाल वीके सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मामलों की निष्पक्ष, त्वरित और प्रभावी जांच कर दोषियों को कानून के अनुसार कठोर दंड दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाना चाहिए और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### स्व. सूर्या चौहान के परिवार को मिला नियुक्ति पत्र



करंट क्राइम। डीएम के निर्देश पर स्व. सूर्या चौहान के आश्रित को नगर पालिका परिषद खोड़ा-मकनपुर के सफाई विभाग में आउटसोर्सिंग के माध्यम से सफाई सुपरवाइजर पद पर नियुक्त किया गया। डीएम ने परिवार को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि प्रशासन जरूरतमंद परिवारों के साथ खड़ा है। इस दौरान परिवार ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया। नियुक्ति से परिवार को आर्थिक सहारा मिलेगा।

### पांच दिनों से लगातार डटे हैं खोड़ा में पुलिस अधिकारी

करंट क्राइम : खोड़ा की सबसे बड़ी विशेषता इसकी घनी आबादी और सामाजिक विविधता है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में मुस्लिम और हिंदू समुदाय के लोग साथ रहते हैं। सूर्या हत्याकांड और उसके बाद मुख्य आरोपी असद के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने के बाद हालात संवेदनशील माने जा रहे थे। जिस प्रकार हिंदू संगठनों का लगातार खोड़ा पहुंचना जारी है और दूसरी ओर आरोपी पक्ष से जुड़े लोगों में भी नाराजगी की चर्चाएं रहीं, उसके बावजूद क्षेत्र में शांति बनी हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार इसका सबसे बड़ा कारण अधिकारियों की लगातार निगरानी और जमीनी उपस्थिति है। डीसीपी सिटी एवं अपराध धवल जायसवाल और एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव पिछले कई दिनों से लगभग लगातार क्षेत्र में डटे हुए हैं। दोनों अधिकारी दिन-रात हालात की समीक्षा कर रहे हैं और संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष नजर रखे हुए हैं। करीब पांच दिनों से पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी हर गतिविधि, हर सूचना और हर संभावित स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। मोहल्लों में संवाद, खुफिया तंत्र की सक्रियता, अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और लगातार गश्त के चलते किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति सामने नहीं आई। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती और अधिकारियों की लगातार मौजूदगी के कारण लोगों में सुरक्षा की भावना बनी हुई है। यही कारण है कि प्रदेश भर में चर्चा का विषय बने इस मामले के बावजूद खोड़ा में शांति और कानून व्यवस्था कायम है।





### असद एनकाउंटर के बाद इंस्पेक्टर नरेश शर्मा और टीम का सम्मान

करंट क्राइम। खोड़ा क्षेत्र में असद के एनकाउंटर के बाद मंगलवार को थाना खोड़ा प्रभारी निरीक्षक नरेश शर्मा और उनकी टीम का हिंदूवादी संगठनों एवं भाजपा से जुड़े नेताओं ने सम्मान किया। कार्यक्रम में पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा गया कि अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है और आम लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। इंस्पेक्टर नरेश शर्मा ने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता जनता की सुरक्षा और क्षेत्र में शांति बनाए रखना है।

### दस्तावेज और एनओसी नहीं दिखा सके, खोड़ा के दो मदरसे






करंट क्राइम। खोड़ा क्षेत्र में पुलिस-प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में बिना मान्यता संचालित दो मदरसों को सील कर दिया गया। जांच के दौरान मदरसा प्रबंधन पंजीकरण, मान्यता और अग्निशमन व विद्युत सुरक्षा संबंधी एनओसी के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। लोकप्रिय विहार स्थित मदरसा रहमानिया अरेबिया कासिम-उल-उलूम और मोहल्ला बीरबल स्थित सुल्तान अलारफीन मदरसा पर यह कार्रवाई जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ और पुलिस कमिश्नर जे. रविन्द्र गौड़ के निर्देशन में की गई। प्रशासन ने मदरसा प्रबंधन को एक सप्ताह में अपना पक्ष रखने का समय दिया है। क्षेत्र में फ्लैग मार्च और 14 हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन भी कराया गया। वहीं, मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों के वैकल्पिक विद्यालयों में प्रवेश की व्यवस्था कराने की बात कही गई है।

## मकान सूचीकरण में सुस्ती पर नगर आयुक्त सख्त, अधिकारियों को दिया लक्ष्य

**सख्त आदेश**

**10 जून तक कार्य पूरा करने के निर्देश, जनगणना टीमों को सहयोग देने की अपील**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जनगणना के तहत चल रहे मकान सूचीकरण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों की बैठक बुलाई। बैठक में चार्ज अधिकारियों और सुपर नोडल प्रभारियों को कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित समय से पहले लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने बताया कि मोहन नगर जोन ने 134 ब्लॉकों का कार्य पूरा कर सबसे बेहतर प्रदर्शन किया है, जबकि अन्य जोनों में प्रगति अपेक्षाकृत धीमी रही। वसुंधरा जोन में 8, विजयनगर जोन में 5, कवि नगर जोन में 6 और सिटी जोन में 10 ब्लॉकों का कार्य पूरा हुआ है। इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने अतिरिक्त कर्मचारियों और संसाधनों को जनगणना कार्य में लगाने के निर्देश दिए। बैठक में नगर जनगणना अधिकारी एवं अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, प्रभारी जनगणना डॉ. अनुज, सभी जोनों के सुपर नोडल प्रभारी और चार्ज अधिकारी उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त ने सभी सुपर नोडल प्रभारियों को 10 जून तक मकान सूचीकरण कार्य पूरा करने का लक्ष्य दिया है। साथ ही टीमों की संख्या बढ़ाने और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों और सुपरवाइजरों का सहयोग करें तथा सही और पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि सही जनगणना आंकड़े राष्ट्रीय विकास और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की आधारशिला हैं।

## बालकनी में फंसा परिवार, दमकल ने बचाईं चार जिंदगियां

### अवंतिका कॉलोनी के फ्लैट में लगी भीषण आग, तीन पालतू कुत्तों की दर्दनाक मौत







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अवंतिका कॉलोनी फेस-2 स्थित एसके होम्स अपार्टमेंट में मंगलवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब तीसरी मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में अचानक भीषण आग लग गई। आग तेजी से ड्राइंग रूम और मुख्य प्रवेश द्वार के आसपास फैल गई, जिससे फ्लैट में रहने वाला चार सदस्यीय परिवार अंदर ही फंस गया। धुएं से घिरे परिवार ने किसी तरह बालकनी में पहुंचकर मदद की गुहार लगाई। सीएफओ राहुल पाल ने बताया है कि करीब 3:09 बजे सूचना मिलते ही कोतवाली फायर स्टेशन से दो दमकल वाहन मौके के लिए रवाना किए गए। रास्ते में ही फायर अधिकारियों ने फोन के जरिए परिवार से संपर्क कर उन्हें बालकनी में सुरक्षित रहने के निर्देश दिए। करीब 11 मिनट में मौके पर पहुंची फायर टीम ने एक्सटेंशन लैडर लगाकर पवन शर्मा, उनकी पत्नी, बेटे और बेटी को सुरक्षित नीचे उतार लिया। रेस्क्यू के बाद दमकल कर्मियों ने फ्लैट का मुख्य दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और दोनों ओर से पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग बुझने के बाद फ्लैट की तलाशी ली गई तो वहां मौजूद तीन पालतू कुत्ते मृत मिले। माना जा रहा है कि उनकी मौत अत्यधिक धुएं के कारण दम घुटने से हुई।

### शॉर्ट सर्किट की आशंका, जांच जारी

करंट क्राइम : प्रारंभिक जांच में आग की शुरूआत ड्राइंग रूम क्षेत्र से होने की बात सामने आई है। अधिकारियों के अनुसार प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट आग का कारण प्रतीत हो रहा है। हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगी।

### फायर टीम की तत्परता से टला बड़ा हादसा

करंट क्राइम : फ्लैट का मुख्य दरवाजा आग और धुएं से पूरी तरह प्रभावित था, जिसके कारण परिवार बाहर नहीं निकल सका। समय रहते पहुंची दमकल टीम ने पहले लोगों को सुरक्षित निकाला और फिर आग पर काबू पाया। यदि रेस्क्यू में थोड़ी भी देरी होती तो हादसा गंभीर रूप ले सकता था।

# आज कर्नाटक के नए बॉस बनेंगे डीके शिवकुमार

## लोक भवन के ग्लास हाउस में होगा शपथ ग्रहण समारोह

**शपथ ग्रहण**

**शिवकुमार के साथ शुरू में 8 से 10 नए मंत्रियों के शपथ लेने की संभावना**

**बेंगलुरु।** डीके शिवकुमार की ताजपोशी की तारीख तय हो गई है और वह आज कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण की तैयारियाँ शुरू हो गई हैं। शपथ ग्रहण समारोह लोक भवन के ग्लास हाउस में होगा। यह एक सादा समारोह होगा।

शिवकुमार के साथ शुरू में 8 से 10 नए मंत्रियों के शपथ लेने की संभावना है। माना जा रहा है कि बाद में कैबिनेट का विस्तार होगा, खासकर राज्यसभा चुनाव के बाद। पूरी कैबिनेट में पुराने मंत्रियों में से आधे से ज्यादा को हटाने की तैयारी है ताकि नए और युवा चेहरों को मौका मिल सके।




### डीके शिवकुमार के शपथ ग्रहण से पहले कर्नाटक सरकार ने घोषित की आधे दिन की छुट्टी

बंगलूरू। कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इस दौरान कर्नाटक सरकार ने शपथ ग्रहण समारोह के मद्देनजर बुधवार को विधान सौधा, विकास सौधा और राज्य सरकार के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आधे दिन की छुट्टी घोषित की है। कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग (डीपीएआर) की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, शपथ ग्रहण समारोह 3 जून को शाम 4 :05 बजे कर्नाटक विधानमंडल परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में गणमान्य व्यक्तियों, निर्वाचित प्रतिनिधियों, पार्टी नेताओं और आम जनता की भारी भीड़ के शामिल होने की उम्मीद है।

### कर्नाटक कांग्रेस को मिलेगा आज नया कार्यालय



नई दिल्ली। कर्नाटक की राजनीति में आज बड़ा बदलाव आने वाला है। कल डीके शिवकुमार सीएम पद की शपथ लेने वाले हैं। इस बीच कांग्रेस को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी को बेंगलुरु में नया कार्यालय मिलने जा रहा है। इसको लेकर डी.के. शिवकुमार ने जानकारी दी है कि 3 जून को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के तुरंत बाद, नवनिर्मित कर्नाटक कांग्रेस भवन की आधारशिला रखी जाएगी।

नई सरकार में 4 उपमुख्यमंत्री बनाने की चर्चा जोरों पर है। कांग्रेस पार्टी जाति और क्षेत्रीय समीकरण साधने के लिए यह कदम सोच रही है। माना जा रहा है कि कांग्रेस के लिए वोकलिगा, लिंगायत, दलित, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों का संतुलन बनाना जरूरी है। इससे पार्टी के अलग-अलग गुटों और समर्थकों को भी संतुष्ट किया जा सकेगा। लेकिन डीके शिवकुमार खुद 4 उपमुख्यमंत्री बनाने के पक्ष में नहीं हैं। वे मानते हैं कि इससे प्रशासन में उलझन बढ़ेगी और फैसले लेने में दिक्कत आएगी। वे कम उपमुख्यमंत्री या बिना उपमुख्यमंत्री के कैबिनेट चलाना चाहते हैं। रिपोर्ट है कि अभी हाईकमान को इस पर अंतिम फैसला लेना बाकी है। डीके शिवकुमार की कैबिनेट में पुराने मंत्रियों में से आधे को ही बरकरार रखे जाने की संभावना है।

# ‘मच्छर और माफिया दोनों खत्म किए’

## बोले सीएम योगी- 'फाजिलनगर' का नाम अब 'पावागढ़' होगा

**नाम परिवर्तन**

**मुख्यमंत्री ने कुशीनगर में 424 करोड़ की लागत वाली 278 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया**




**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुशीनगर में 424 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 278 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करके जिले को प्रगति की नई राह दिखाई। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद तमकुही राज और पावा नगर की पवित्र भूमि पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने विपक्ष की सरकारों में रहे पहचान के संकट, जंगल पार्टी के आतंक और विभिन्न माफियाओं के राज को खत्म करने के उद्देश्य से अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों की मांग को स्वीकार करते हुए फाजिलनगर का नाम बदलकर 'पावागढ़' करने का आधिकारिक प्रस्ताव रखने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में मच्छर और माफिया दोनों का इलाज कर उन्हें जड़ से खत्म किया गया। बीमारी भी दूर और क्राइम भी।

**2017 से पहले पहचान का संकट और माफियाओं का आतंक :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुरानी स्थिति की याद दिलाते हुए कहा कि करीब नौ-दस साल पहले कुशीनगर पहचान और बीमारी के संकट से जूझ रहा था।

उस दौर में यहां खनन माफिया, बालू माफिया और 'जंगल पार्टी' का भारी आतंक था। आज की 25 वर्ष से कम उम्र की युवा पीढ़ी उस खौफ और अराजकता को शायद जानती भी नहीं होगी।

# ममता को बड़ा झटका! बंगाल में आधी रात बुलडोजर एक्शन टीएमसी से जुड़े ट्रेड यूनियन के दफ्तर पर चला बुलडोजर

**चला बुलडोजर**

**आरोप है कि टीएमसी का न्यू मार्केट यूनियन दफ्तर ही मुख्य निशाना था**




**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा चुनाव रिजल्ट के बाद मंगलवार रात को मध्य कोलकाता में उस समय तनाव फैल गया, जब कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए। ये वीडियो कुछ दुकानों पर बुलडोजर चलाए जाने के थे। कहा जा रहा है कि बुलडोजरों के साथ आए लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर ऐतिहासिक हॉग मार्केट इलाके के पास तृणमूल कांग्रेस के एक दफ्तर को निशाना बनाया। इस घटना से व्यापारियों में दहशत फैल गई और उन्हें अपनी दुकानें अचानक बंद करनी पड़ीं। तृणमूल कांग्रेस, महुआ मोइत्रा समेत टीएमसी के कई नेताओं ने वीडियो शेयर पर बीजेपी पर बुलडोजर चलाने का आरोप लगाया।

आरोप है कि टीएमसी का न्यू मार्केट यूनियन दफ्तर ही मुख्य निशाना था। इस घटना में दफ्तर को पूरी तरह से ढहा दिया गया। इलाके में हुई तोड़-फोड़ और अफरा-तफरी की तस्वीरें तेजी से फैल गईं, जिससे स्थानीय दुकानदारों की चिंता और बढ़ गई।

**न्यू मार्केट इलाके के आसपास बढ़ी गश्त :** कोलकाता के सबसे व्यस्त कारोबारी केंद्रों में से एक हॉग मार्केट में जब हालात बिगड़ने लगे, तो घबराए हुए व्यापारियों ने अपनी दुकानों के शटर गिरा दिए और वहां से भाग निकले। घटना के तुरंत बाद पुलिसकर्मियों को मौके पर भेजा गया। स्थिति को काबू में करने और आगे किसी भी तरह के तनाव को रोकने के लिए, न्यू मार्केट इलाके और उसके आस-पास गश्त बढ़ा दी गई है। हालांकि, घटनाओं का पूरा क्रम अभी भी स्पष्ट नहीं है, लेकिन यह घटना पश्चिम बंगाल में हाल ही में आए चुनावी नतीजों के बाद बढ़े राजनीतिक तनाव के बीच हुई है।

महुआ मोइत्रा ने साधा निशानाइस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए, महुआ मोइत्रा ने एक्स पर घटना का एक वीडियो शेयर किया और सत्ताधारी दल के नैरेटिव पर तंज कसा। उन्होंने लिखा कि कोलकाता का ऐतिहासिक न्यू मार्केट। बंगाली 'परिवर्तन' का आनंद ले रहे हैं। अपनी आलोचना को जोर देने के लिए बीजेपी के चुनावी नारे का इस्तेमाल किया।

# बिजली गुल - टेंशन फुल : जालौन में तूफान के बाद 96 घंटे से बिजली कटी, पानी के लिए तरस रहे गांव

**परेशानी**

**ग्रामीणों को पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, लोगों का गुस्सा भी फूट रहा है**




**उरई/कोंच/जालौन।** भीषण आंधी-तूफान और बारिश के चार दिन बाद भी जिले की बिजली व्यवस्था पूरी तरह पटरी पर नहीं लौट सकी है। 300 से अधिक गांवों की अभी भी बिजली गुल है। सबमर्सिबल और ट्यूबवेल बंद पड़े हैं। ग्रामीणों को पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। मोबाइल फोन चार्ज करने तक के लिए लोग कस्बों और बाजारों के चक्कर लगा रहे हैं। वहीं लोगों का गुस्सा भी फूट रहा है।

आंधी में जिले भर में 800 से अधिक बिजली के पोल, लगभग 35 ट्रांसफार्मर और बड़ी संख्या में विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त हुई हैं। कई स्थानों पर विशाल पेड़ गिरने से लाइनें टूट गईं और ट्रांसमिशन नेटवर्क को भारी नुकसान पहुंचा है। विभाग की टीमें लगातार मरम्मत में जुटी हैं, लेकिन नुकसान का दायरा इतना बड़ा है कि बहाली कार्य अपेक्षा से अधिक समय ले रहा है।

सबसे गंभीर स्थिति डकोर, आटा, कोंच और जालौन क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में बनी हुई है। कई गांवों में ग्रामीण चंदा करके जेनरेटर मंगाकर ट्यूबवेल चला रहे हैं, जबकि कुछ लोग ड्रम और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से पानी ढोने को मजबूर हैं।

आटा क्षेत्र में 45 बिजली पोल गिर जाने से दर्जनों गांवों की आपूर्ति ठप हो गई। 60 घंटे बाद भी अधिकांश गांवों में बिजली नहीं पहुंच सकी। ग्रामीणों का कहना है कि मरम्मत कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। कई लोगों को मोबाइल चार्ज कराने के लिए 20 से 30 किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है। बिजली संकट का असर बच्चों की पढ़ाई, छोटे कारोबार और रोजमर्रा के कामकाज पर भी पड़ रहा है।

कोंच व कदौरा के असूपुरा, सजेहरा, नजीरपुर, उदनपुर समेत कई गांवों में चार दिन बाद भी आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। असूपुरा के ग्रामीण ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली न होने से पेयजल संकट गहरा गया है, मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और गोशालाओं में भी परेशानी खड़ी हो गई है। बिजली संकट का असर व्यापारिक गतिविधियों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम और डेयरी उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों का सामान खराब होने की कगार पर पहुंच गया है।

# शुभेंदु सरकार के खिलाफ ममता बनर्जी का धरना

## बोलीं- भाजपा ने 177 सीटों पर की धांधली



**धरना**

**तृणमूल कांग्रेस करारी हार के बाद चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा की सरकार बनी है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) 15 साल के बाद सत्ता से बेदखल हुई है। 15 साल बाद तृणमूल को उखाड़ फेंकने वाली भाजपा आत्मविश्वास से लबरेज है। तृणमूल कांग्रेस इस करारी हार के बाद चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है। दोनों दलों के आक्रामक तेवरों के बीच आज मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विरोध-प्रदर्शन का एलान किया। टीएमसी की तरफ से हुए इस हल्लाबोल के बीच भाजपा ने सोनारपुर में हुई मारपीट और हिंसा के मामले में तृणमूल को घेरा है। भाजपा नेता समिक भट्टाचार्य ने कहा है कि उनके दल पर तृणमूल के ऐसे राजनीतिक हथकंडों का कोई असर नहीं पड़ेगा।

**‘पुलिस ने नहीं दी अनुमति, प्रदर्शन लोकतांत्रिक तरीके से जारी रहेगा’**

### सीएम ममता ने अपने धरने पर क्या कहा?

- भाजपा ने 294 में से 177 विधानसभा सीटों पर मतगणना में धांधली की।
- पुलिस ने धरने की अनुमति नहीं दी, फिर भी प्रदर्शन लोकतांत्रिक तरीके से जारी रहेगा।
- विरोध और धरना जारी रहेगा, चाहे कितनी भी रोक लगाने की कोशिश की जाए।
- कठिन समय में टीएमसी कार्यकर्ताओं का साथ नहीं छोड़ूंगी।
- कार्यकर्ताओं को धमकाया जा रहा है और कई जगह हिरासत में लिया जा रहा है।
- पुलिस टीएमसी कार्यकर्ताओं को प्रदर्शन में शामिल होने से रोक रही है।
- उन्होंने कहा कि उनकी सरकार हमेशा मानवीय दृष्टिकोण के साथ काम करती रही है।
- मेरी सरकार हमेशा मानवीय दृष्टिकोण के साथ काम करती रही है।
- बिना पुनर्वास के फेरीवालों को हटाना हमारी सरकार की नीति नहीं थी।

कोलकाता में प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी ने कहा कि आने वाले दिनों में और बड़े विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कोलकाता पुलिस आयुक्त और पुलिस अधिकारियों से कहा कि उनका वेतन जनता के टैक्स के पैसे से दिया जाता है और उन्हें संविधान तथा कानून के मुताबिक अपनी जिम्मेदारियां निभानी चाहिए। कल्याण बनर्जी ने कहा कि शुभेंदु अधिकारी शांतिनिकेतन से पैसा लाकर पुलिस का वेतन नहीं देते हैं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को याद दिलाया कि समय हमेशा बदलता रहता है।

# अनिल अग्रवाल की वेदांता ग्रुप पर ईडी की रेड कई ठिकानों पर चल रहा ईडी का सर्च ऑपरेशन

**छापामारी**

**यह समूह पहले भी विदेशी मुद्रा मामलों में नियामक जांच के दायरे में आ चुका है**




**नई दिल्ली:** वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के कई ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) की ताबड़तोड़ रेड पड़ी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फेमा के नियमों के उल्लंघन से जुड़े मामले में कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि फेमा अधिनियम का मुख्य उद्देश्य भारत में विदेशी मुद्रा के लेन-देन पर निगरानी रखना होता है। कंपनी की तरफ से आधिकारिक जवाब का इंतजार है।

**ईडी फेमा के तहत कब एक्शन लेता है :** ईडी फेमा के तहत तब एक्शन लेता है जब उसे किसी कंपनी या व्यक्ति के द्वारा विदेशी मुद्रा लेनदेन में उल्लंघन का संदेह होता है। इसमें अधिकतर ऐसे मामले शामिल होते हैं जैसे अवैध रूप से विदेश में धन हस्तांतरण करना, हवाला, विदेश में अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करना, या विदेशी निवेश से संबंधित नियमों का पालन न करना।

वेदांता भारत की सबसे बड़ी प्राथमिक एल्युमिनियम उत्पादक कंपनी है। इसके अलावा भारत की कुल जिंक जरूरत का लगभग 81% उत्पादन इसी ग्रुप द्वारा किया जाता है। कंपनी केयर्न इंडिया की मदद से कच्चे तेल का उत्पादन करती है। वेदांता ग्रुप ने भारत में अगले कुछ सालों में लगभग 2 लाख करोड़ का भारी निवेश करने की योजना बनाई है।

**पहले भी जांच के दायरे में आ चुका है वेदांता ग्रुप :** बता दें कि वेदांता ग्रुप पहले भी साल 2004 में यह समूह पहले भी विदेशी मुद्रा मामलों में नियामक जांच के दायरे में आ चुका है। 2004 में, प्रवर्तन निदेशालय ने स्टरलाइट इंडस्ट्रीज और उसके तीन प्रमोटर निदेशकों को एफईआरए और फेमा के नियमों के उल्लंघन का दोषी पाया था और कंपनी तथा उसके निदेशकों पर जुमार्ना लगाया था।

# दिल्ली में सूर्या चौहान जैसा हत्याकांड! न्यू उस्मानपुर में हत्या से फैली सनसनी




**मर्डर**

**17 साल के लड़के की चाकू मारकर हत्या, पुलिस का एक्शन- दो नाबालिग समेत तीन को पकड़ा**

**नई दिल्ली:** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर इलाके में 17 वर्षीय नाबालिग लड़के की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने कार्रवाई तेज कर दी। जांच टीम ने कुछ ही घंटों के भीतर दो किशोरों समेत तीन लोगों को पकड़ लिया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सोमवार रात करीब 10:25 बजे न्यू उस्मानपुर थाने को चाकूबाजी की घटना की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर पुलिस को 17 वर्षीय किशोर जमीन पर पड़ा हुआ मिला, जिसकी मौत हो चुकी थी।

**पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा, दो की उम्र 17 साल :** पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने अपराध स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित साक्ष्य एकत्र किए।

**सार्वजनिक सूचना**
**गाजियाबाद नगर निगम, मोहन नगर जोन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन सं. RM Block 152, राजेन्द्र नगर सै.-2, गाजियाबाद पिन सं. MN35813 गाजियाबाद नगर निगम के मोहन नगर जोन सम्पत्ति कर अभिलेखों में वर्तमान में दर्ज नाम श्रीमती ब्रहमा देवी के नाम दर्ज है। आवेदक द्वारा कार्यालय में उपलब्ध कराये साक्ष्यों में श्रीमती ब्रहमा देवी के द्वारा रजिस्ट्री जिल्द सं. 2358, पृष्ठ सं. 343 /364, क्रमांक 3244 दिनांक 27.03.2004 के द्वारा सबरजिस्ट्रार तृतीय, गाजियाबाद में उपरोक्त सम्पत्ति श्रीमती सारदा कुमारी पत्नी श्री दीपक कुमार गौतम एवं श्रीमती सरोज कुमारी पत्नी श्री नेकसेराम के पक्ष में कर दी गयी है। श्रीमती सारदा की मृत्यु दिनांक 27.10.2008 में होने के पश्चात कार्यालय उपजिला मजिस्ट्रेट, गाजियाबाद के पत्र सं. 627/ राजस्व -अहलमद- एस.डी.एम./ गाजि./2008 दिनांक 06 जनवरी 2009 में पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र जिसमें श्रीमती सारदा पत्नी श्री दीपक कुमार की मृत्यु के पश्चात श्री दीपक कुमार (पति) व श्री प्रशान्त (पुत्र ) को पारिवारिक सदस्य तसदीक किया। श्रीमती सरोज कुमारी पत्नी श्री नेकसेराम के द्वारा श्री प्रशान्त गौतम पुत्र श्री दीपक गौतम के पक्ष में जिल्द सं. 14513 के पृष्ठ सं. 35 से 118 तक, क्रमांक 4690 दिनांक 27.05.2019 को उपनिबन्धक सदर तृतीय, गाजियाबाद में दानपत्र पंजीकृत कराया गया। श्री दीपक कुमार पुत्र करन सिंह की मृत्यु दिनांक 30.05.2019 के उपरान्त श्री प्रशान्त गौतम द्वारा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में Mutation Application No. MU202602131855381l दिनांक 13.02.2026 के पक्ष में दिनां 18.03.2026 को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा प्रशान्त गौतम का नाम हाउस नं. 152, IIRM, जी०डी०ए० फ्लैट, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद में दर्ज करने हेतु प्रमाण पत्र जारी किया। श्री प्रशान्त गौतम पुत्र श्री दीपक गौतम द्वारा जिल्द सं. 20744 के पृष्ठ सं. 61 से 80 तक, क्रमांक 4061 दिनांक 07.04.2026 में सबरजिस्ट्रार तृतीय, गाजियाबाद में श्रीमती सोनम सक्सैना पत्नी श्री शुभम सक्सैना व श्री शुभम सक्सैना पुत्र स्व. ललित मोहन सक्सैना के पक्ष में रजिस्ट्री कर दी गयी।

यदि उपर्युक्त भवन के नाम परिवर्तन किये जाने पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो इस नोटिस चस्पा होने की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित जोनल कार्यालय मोहन नगर जोन, गाजियाबाद नगर निगम में प्राप्त करा सकते है। नियत समयावधि 15 दिवस के अन्दर कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदक / आवेदिका श्रीमती सोनम सक्सैना पत्नी श्री शुभम सक्सैना व श्री शुभम सक्सैना पुत्र स्व. ललित मोहन सक्सैना का नाम भवन सं. RM Block 152, राजेन्द्र नगर सै.-2, गाजियाबाद पिन सं. MN35813 पर दर्ज कर दिया जायेगा।

**कर अधीक्षक**
**मोहन नगर जोन**

# कश्मीर की ठंडी फिजाओं में सियासी तपिश, एनसी की बैठक ने बढ़ाया पारा

**सियासी सरगर्मी**

**एनसी के विधायक दल की बैठक बुलाने और इससे कांग्रेस को अलग रखने के फैसले ने सबको चौंका दिया**



**जम्मू।** प्रदेश में सियासी तपिश का केंद्र श्रीनगर हो गया है और यहां ठंडी फिजाओं में पारा अब बढ़ने लगा है। आगामी 24 घंटे में सभी बड़े उतार-चढ़ाव पर राजनीतिक दलों की निगाहें नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) की बैठक पर रहेंगी। एनसी के अचानक विधायक दल की बैठक बुलाने और इससे कांग्रेस को अलग रखने के फैसले ने सबको चौंका दिया है।

विपक्ष लगातार हमलावर है और इस बैठक को नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच उपजे विवाद को नियंत्रित करने का जरिया मान रहा है। हालांकि एनसी ने इसके जवाब में नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा को पहले अपना घर संभालने की नसीहत दी है। फिलहाल नेशनल कॉन्फ्रेंस की इस बैठक से जुड़ी जो बातें अब तक सामने आई हैं उनमें प्रमुख रूप से जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की पैरवी होगी।

यह मुद्दा लंबे समय से चर्चा में है और पीडीपी के अलावा अपनी ही पार्टी के सांसद आगा रुहुल्ला मेहदी इस मसले पर सरकार को घेरने में लगे हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने सत्ता में आने से पहले अपने घोषणापत्र में भी इसे शामिल किया है। इसके अलावा बीते दिनों शराब के मुद्दे को लेकर हुए बवाल और इसके बाद पार्टी में शुरू हुई इस्तीफों के सिलसिले को नियंत्रित करने के लिए भी बड़ा कदम उठाया जा सकता है।

# बीड में सड़क किनारे मिला युवक का शव

**बीड।** बीड जिले में 30 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि नेकनूर थाना क्षेत्र में लिम्बागणेश-अंजनवटी मार्ग के किनारे सोमवार सुबह एक मोटरसाइकिल सड़क से नीचे गिरी हुई मिली थी।

शुरूआत में पुलिस को आशंका थी कि बाइक सवार की सड़क दुर्घटना में मौत हुई होगी, क्योंकि उसकी दोपहिया वाहन कथित तौर पर पिछली रात सड़क से उतर गई थी। हालांकि, मौके पर जांच के दौरान पुलिस को मृतक के गले पर संदिग्ध निशान मिले, जिससे मामले ने नया मोड़ ले लिया। मृतक की पहचान बीड तहसील के अंजनवटी गांव निवासी किरण बंडू सोनावणे (30) के रूप में हुई है।

पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए लिम्बागणेश प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत के कारणों का पता लगाया जाएगा।

# ‘चुनावी खर्चों के लिए बिजली महंगी कर रही सरकार’ : अखिलेश

**बयान**

**भाजपा कभी डीजल, पेट्रोल, कभी बिजली और कभी गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा रही है**



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि बिजली के बिल के नाम पर भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव के तिकड़मी खर्चों की व्यवस्था के लिए सरचार्ज (अधिभार) लगा रही है। भाजपा सरकार महंगाई बढ़ाकर जनता की जेब काट रही है। भाजपा की सरकार हर दिन महंगाई बढ़ा रही है।

अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि भाजपा डीजल, पेट्रोल, बिजली और कभी गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा रही है। भाजपा गरीब, किसान विरोधी है। 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा को हटाकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएगी, तभी महंगाई से निजात मिलेगी।

वहीं, सपा अध्यक्ष ने एक्स के माध्यम से कहा कि भाजपा सरकार से निराशा इतनी बढ़ गई है कि नाउम्मीद होकर पीड़ित लोग आत्मदाह के लिए बाध्य हो रहे हैं। भाजपा के सत्ता के अहंकार ने उन्हें इतना संवेदनहीन बना दिया है कि उन्हें किसी की पुकार, गुहार व चीत्कार तक सुनाई नहीं देती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आवास के सामने अपनी रोजी-रोटी के लिए जूझ रहे रोडवेज संविदाकर्मियों द्वारा आत्मदाह करने का प्रयास बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 • नई दिल्ली। बुधवार 03 जून -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# मिला इंसाफ तो बुजुर्ग महिला बोलीं विधायक संजीव शर्मा जिंदाबाद

## जब विधायक संजीव शर्मा ने तत्काल फोन मिलाया और दिये निर्देश



**पीड़ित महिला चंचल बता रही हैं कि शहर विधायक संजीव शर्मा ने उसकी बात सुनकर तत्काल अधिकारियों को फोन मिलाया, उन्हें निर्देशित किया। उन्हीं के प्रयासों से ये मामला शासन तक पहुंचा और फिर प्रशासन ने इस मामले में तत्काल एक्शन ले लिया।**



गाजियाबाद, करंट क्राइम। जनप्रतिनिधि अगर जनता से संवाद कायम करते हैं, जनता की समस्या का संज्ञान लेते हैं तो फिर ये कार्यशैली सरकार की जनछवि को जिंदाबाद करती है। आम आदमी का सरकार में विश्वास बनता है, उसका कानून व्यवस्था पर विश्वास होता है। विजयनगर की महिला चंचल ने ताज मौहम्मद से डेढ लाख रूपये लिये और ताज मौहम्मद ने उसके मकान पर ही कब्जा कर लिया। महिला ने ये बाद विधायक संजीव शर्मा को जाकर बताई। महिला चंचल खुद बता रही है कि शहर विधायक संजीव शर्मा ने उसकी बात सुनकर तत्काल अधिकारियों को फोन मिलाया, उन्हें निर्देशित किया। उन्हीं के प्रयासों से ये मामला शासन तक पहुंचा और फिर प्रशासन ने इस मामले में तत्काल एक्शन ले लिया। महिला के मकान को अवैध कब्जे से महिला ने बताया कि वह व्यापारी नेता के पास पहुंची थीं और व्यापारी नेता ने तत्काल ही शहर विधायक संजीव शर्मा को पूरे मामले से अवगत कराया। संजीव शर्मा ने तुरंत ही इस मामले में बिना देर लगाये जिलाधिकारी को फोन मिलाया। पूरा मामला बताया। शहर विधायक संजीव शर्मा के इस एक्शन कापरिणाम आ गया और महिला का मकान अवैध कब्जे से मुक्त हो गया। महिला ने शहर विधायक संजीव शर्मा, जिलाधिकारी और पुलिस अधिकारियों की प्रशंसा की है। जब बुजुर्ग महिला का मकान ताज मौहम्मद के अवैध कब्जे से मुक्त हुआ तो बुजुर्ग महिला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जय जयकार की। महिला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी आभार जताया। स्थानीय स्तर की बात करें तो एक बार फिर शहर विधायक संजीव शर्मा आम आदमी के लिए न्याय का संदेश लेकर आये। एक विधायक के रूप में वो सरकार की कार्यशैली का सकारात्मक संदेश देने में सफल रहे हैं।

वास्तव में एक जनप्रतिनिधि को ऐसा ही होना चाहिए। उन्होंने इस मामले में बुजुर्ग महिला को कहीं का रास्ता नहीं दिखाया। यहां शहर विधायक ने खुद अधिकारियों को फोन मिलाया। उनके पास एक पीड़ित महिला आयी है और विधायक ने तत्काल प्रभाव से पीड़ित महिला को इंसाफ दिलाया।

# लालकुआं से ज्ञानी बॉर्डर तक सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने की मांग

## एनएचएआई मुख्यालय में सांसद अतुल गर्ग ने चेयरमैन संतोष यादव से की मुलाकात

**मुलाकात**

**नए बस अड्डे से दौलतपुरा तक एलिवेटेड रोड के निर्माण का भी रखा प्रस्ताव, जनहित के मुद्दों पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा**



**सहमति**

**राष्ट्रीय राजमार्ग और एलिवेटेड रोड के प्रस्तावों को मिली सहमति, यातायात व्यवस्था को मिल सकती है बड़ी राहत**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद के विकास को नई रफ्तार देने और शहर की बढ़ती यातायात समस्याओं के समाधान के लिए सांसद अतुल गर्ग ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) मुख्यालय में चेयरमैन संतोष यादव से मुलाकात कर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे।

बैठक में क्षेत्र के बुनियादी ढांचे, यातायात प्रबंधन और सड़क संपर्क को बेहतर बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

सांसद अतुल गर्ग ने लालकुआं से ज्ञानी बॉर्डर तक लगभग 14 किलोमीटर लंबे मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह मार्ग गाजियाबाद और आसपास के क्षेत्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इसे राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा मिलने से क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी। साथ ही यातायात व्यवस्था अधिक सुगम और सुरक्षित होगी। बैठक के दौरान सांसद ने नए बस अड्डे से दौलतपुरा तक लगातार बढ़ रहे यातायात दबाव और जाम की समस्या का भी मुद्दा उठाया।

उन्होंने इस मार्ग पर एलिवेटेड रोड के निर्माण का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि इससे लाखों लोगों को रोजाना लगने वाले जाम से राहत मिलेगी और आवागमन अधिक सुविधाजनक हो सकेगा।

एनएचएआई चेयरमैन संतोष यादव ने सांसद द्वारा उठाए गए दोनों प्रस्तावों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इन विषयों पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ चर्चा कर शीघ्र समाधान की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार और एनएचएआई के सहयोग से गाजियाबाद में आधारभूत संरचना को मजबूत करने तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जनहित से जुड़े इन प्रस्तावों पर सकारात्मक पहल के लिए एनएचएआई का आभार भी व्यक्त किया।

# लोनी अपहरण कांड: 10 पुलिस टीमें मैदान में, 5 आरोपी गए जेल

## स्वॉट टीम से लेकर डीसीपी की टीम दे रही है दबिश

**वारदात**

**ग्राम खड़खड़ी अंडरपास के पास हुई वारदात, पुलिस का सर्च ऑपरेशन तेज**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** लोनी क्षेत्र में ग्राम गनौली निवासी ओमकार के कथित अपहरण और फायरिंग की घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच और सर्च अभियान को युद्धस्तर पर तेज कर दिया है।

पुलिस के अनुसार 30 मई को सूचना मिली थी कि ग्राम खड़खड़ी के अंडरपास के पास कुछ लोगों ने फायरिंग कर ओमकार का अपहरण कर लिया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक छानबीन में सामने आया कि घटना में शामिल आरोपी उसी गांव के रहने वाले हैं। परिजनों से तहरीर प्राप्त होने के बाद तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण स्वाट टीम, मुख्यालय स्वाट टीम समेत कुल 10 पुलिस टीमों का गठन किया गया है। पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, वहीं सर्विलांस की मदद से भी आरोपियों और अपहृत व्यक्ति की तलाश की जा रही है।





### नदी-नालों और नहरों में चल रहा सर्च अभियान

करंट क्राइम : पुलिस ने संभावित सभी स्थानों पर तलाश शुरू कर दी है। आसपास के नदी, नाले और नहरों में भी व्यापक सर्च अभियान चलाया जा रहा है। अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए एसडीआरएफ की टीम की सहायता भी ली गई है, जो जल क्षेत्रों में तलाश अभियान में जुटी हुई है।

### 80 घंटे बाद भी नहीं मिला शव

करंट क्राइम : पुलिस के अनुसार इस मामले में अपहरण की साजिश में शामिल तथा आरोपियों को शरण देने वाले पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अन्य आरोपियों की तलाश और मामले की गहन विवेचना लगातार जारी है। डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेन्द्रनाथ तिवारी ने बताया कि पुलिस की सभी टीमें लगातार कार्रवाई में जुटी हैं। अपहृत व्यक्ति की सकुशल बरामदगी और शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# ऑपरेशन क्लीन का बड़ा एक्शन, दर्जनों अपराधियों को थाने बुलाकर कराया सत्यापन, अपराध छोड़ने की दिलाई शपथ

## डीसीपी धवल जायसवाल की निगरानी में चला विशेष अभियान

**अभियान**

**हत्या, लूट और स्नैचिंग के आरोपियों को दी सख्त चेतावनी**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अपराधियों पर निगरानी मजबूत करने और कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गाजियाबाद पुलिस ने साहिबाबाद थानाक्षेत्र में ऑपरेशन क्लीन के तहत विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान हत्या, लूट, स्नैचिंग और हिस्ट्रीशीटर अपराधियों को थाने बुलाकर उनका सत्यापन किया गया। पुलिस अधिकारियों ने उनकी वर्तमान गतिविधियों, निवास और रोजगार संबंधी जानकारी जुटाने के साथ ही उन्हें भविष्य में अपराध से दूर रहने की शपथ दिलाई। साथ ही स्पष्ट चेतावनी दी गई कि दोबारा किसी भी आपराधिक गतिविधि में शामिल पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान की निगरानी डीसीपी सिटी/ट्रांस हिंडन धवल जायसवाल ने की। अभियान में एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना व थाना प्रभारी निरीक्षक साहिबाबाद रविंद्र गौतम सहित पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि



अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को और प्रभावी बनाना, कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना तथा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों की लगातार निगरानी सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में थाना साहिबाबाद पर पंजीकृत हत्या, लूट, स्नैचिंग और अन्य गंभीर अपराधों में शामिल रहे अपराधियों को बुलाकर उनका स्व-सत्यापन कराया गया।

### 150 बदमाशों ने लगाई हाजिरी और उठाई तख्ती



करंट क्राइम : डीसीपी धवल जयसवाल ने बताया है कि सत्यापन के दौरान अपराधियों के वर्तमान निवास, रोजगार, सामाजिक गतिविधियों तथा अन्य आवश्यक जानकारियों का मिलान किया गया। वहीं पूर्व में संपत्ति संबंधी और शरीर के विरुद्ध अपराधों में शामिल रहे व्यक्तियों की वर्तमान गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। अभियान के दौरान करीब 150 अपराधियों का सत्यापन किया गया। पुलिस ने सभी सत्यापित अपराधियों को भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक या अवैध गतिविधि से दूर रहने की शपथ दिलाई। उन्हें आमजन में भय या असुरक्षा का माहौल पैदा न करने तथा कानून का पूर्ण पालन करने के लिए भी निर्देशित किया गया। अभियान के अंत में पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि यदि कोई भी सत्यापित अपराधी भविष्य में किसी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि अपराधियों की निगरानी, सत्यापन और अपराध नियंत्रण के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार चलाए जाते रहेंगे, जिससे आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हो और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

# गाजियाबाद को जून के अंत तक मिलेगा 14 करोड़ रुपए का 'संस्कृत दर्शन पार्क'

## जीडीए उपाध्यक्ष नंदकिशोर कलाल ने किया औचक निरीक्षण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय संस्कृति, वेदों और संस्कृत भाषा के गौरवशाली इतिहास को संजोए रखने के लिए गाजियाबाद में बन रहा 'संस्कृत दर्शन पार्क' इस महीने के अंत तक आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष श्री नन्द किशोर कलाल ने मंगलवार को अभियंत्रण टीम और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों के साथ पार्क का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने चल रहे कार्यों की प्रगति पर संतोष जताते हुए जून के निर्धारित लक्ष्य के भीतर इसे हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए।



### 14 करोड़ रुपए की लागत से बन रही विशिष्ट धरोहर



**करंट क्राइम।** लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जा रहा यह पार्क जनपद की सबसे महत्वाकांक्षी और अनूठी परियोजनाओं में से एक है। इसका निर्माण कार्य पिछले साल अगस्त 2025 में शुरू हुआ था। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने पार्क की थीम आधारित संरचनाओं, लैंडस्केपिंग, पाथवे, फाउंटेन और प्रकाश व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की।

### केवल उद्यान नहीं, भारतीय चिंतन का जीवंत केंद्र होगा यह पार्क

**करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि यह पार्क केवल एक सामान्य पिकनिक स्पॉट या उद्यान नहीं होगा, बल्कि नई पीढ़ी को भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा से जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम बनेगा। डिजिटल और आधुनिक प्रदर्शन : पार्क में वेदों, उपनिषदों, महाकाव्यों और संस्कृत भाषा के इतिहास को आधुनिक व आकर्षक डिजिटल माध्यमों से प्रदर्शित किया जाएगा।



**श्लोक और सूक्तियां :** पूरे परिसर में सुंदर कलात्मक संरचनाओं के साथ महत्वपूर्ण संस्कृत श्लोक और सूक्तियों की प्रदर्शनियां लगाई जा रही हैं।

**जनसुविधाएं :** आगंतुकों के लिए ओपन एयर गतिविधि क्षेत्र, बैठने की आधुनिक व्यवस्था, आकर्षक जल संरचनाएं और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

### गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष जोर

**करंट क्राइम।** निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष श्री नन्द किशोर कलाल ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, यह परियोजना पूर्ण होने के बाद गाजियाबाद के प्रमुख पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्रों के रूप में स्थापित होगी। इसलिए सौंदर्यीकरण, हरित क्षेत्र (ग्रीन बेल्ट) के विकास और स्वच्छता व्यवस्था को विशेष प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने अभियंत्रण टीम को निर्देश दिए कि वे नियमित मॉनिटरिंग और समन्वय के माध्यम से किसी भी तकनीकी या प्रशासनिक बाधा को तुरंत दूर करें, ताकि जून 2026 की समय-सीमा के भीतर इसे सफलतापूर्वक जनता को समर्पित किया जा सके।



# जीडीए 15 से 17 जून तक आयोजित करेगा 'ओटीएस समाधान दिवस'




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण के बकायेदारों एवं आवंटियों को वन टाइम सेटलमेंट योजना का अधिकतम लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से 15 से 17 जून 2026 तक 'ओटीएस समाधान दिवस' का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष अभियान के दौरान प्राधिकरण के अधिकारी एवं कर्मचारी आवंटियों की समस्याओं का मौके पर समाधान करेंगे तथा उन्हें ओटीएस योजना के अंतर्गत देय राशि, ब्याज में उपलब्ध छूट एवं अन्य संबंधित जानकारी प्रदान करेंगे। साथ ही पात्र आवंटी अपने बकाया देयों का निस्तारण कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने सभी पात्र आवंटियों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए निर्धारित तिथियों में प्राधिकरण कार्यालय पहुंचकर अपनी लंबित देनदारियों का निस्तारण कराएं तथा ओटीएस योजना के अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं का लाभ प्राप्त करें। 'ओटीएस समाधान दिवस' के दौरान विभिन्न काउंटर स्थापित किए जाएंगे, जहां आवंटियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

03 June -26 page 4 02-06-2026 9:57 PM Page 1



## संपादकीय

# घुसपैठ पर सख्ती जरूरी

घुसपैठियों का मुद्दा सामान्य नहीं, बेहद संवेदनशील और पेचीदा है। कूटनीति और बांग्लादेश के साथ हमारे संबंधों पर तनाव बढ़ सकता है। यह भारत की ही समस्या नहीं, बल्कि खाड़ी के मुस्लिम देश, यूरोप, ब्रिटेन और अमरीका भी परेशान हैं। अंततः घुसपैठियों को खदेड़ा जा रहा है। ऐसे सभी लोग घुसपैठिए भी नहीं हैं। बहरहाल सिर्फ मुस्लिम देशों के ही कुछ उदाहरण लें, तो साफ होगा कि यह कितना नाजुक और बिलबिला देने वाली समस्या है। पाकिस्तान ने बीते सालों में 1.46 लाख से अधिक अफगानी मुसलमानों को उनके देश वापस जाने को विवश किया है। दोनों इस्लामी देश हैं। ईरान आज युद्ध में घिरा है, लेकिन इससे पहले वह करीब 15 लाख मुसलमानों को देश से खदेड़ चुका है। संयुक्त अरब अमीरात के स्वप्निल, शानदार शहर दुबई जाने को आधुनिक युवा हरचंद कोशिश करते हैं। वहां नौकरियों के मोटे पैकेज मिलते हैं और व्यापार की चौतरफा संभावनाएं हैं। दुबई ह्यधन्नासेठों का शहर भी है, लेकिन संयुक्त अरब अमीरात ने ही 7500 से अधिक पाकिस्तानी लोगों को वापस जाने को विवश किया है। उन्हें अपना सामान पैक करने तक का वक्त नहीं दिया गया। तुर्किए खुद को मुसलमानों का ह्यखलीफा देशह्न मानता है। उसने भी करीब 2.60 लाख लोगों को देश छोड़ कर चले जाने को बाध्य किया है। जॉर्डन ने जिन 6.75 लाख के करीब लोगों को, खेती का काम करने को, शरण दी थी, उनमें से 1.5 लाख से अधिक शरणार्थियों को वह खदेड़ चुका है। सऊदी अरब ने तो हद ही कर दी, जब 18,836 कथित अवैध, अवांछित अप्रवासियों को हथकड़ी लगाकर देश के बाहर किया गया। अमरीका ने भी हथकड़ी, बेड़ियां बांध कर भारतीयों को वापस भेजा था और हम एक राष्ट्र के तौर पर चूं तक नहीं कर पाए थे। इसी तरह मुस्लिम देश अधिकतर मुसलमानों को ही निष्कासित कर रहे हैं, तो किसी भी देश ने इसे उनका एजेंडा करार नहीं दिया। मानवाधिकार के नाम पर या तो मुंह में दही जम गया अथवा आंखें मूंद ली गईं। दुनिया ने इस ह्यखदेड़बाजीह्न को राष्ट्रीय सुरक्षा और उन देशों के संसाधनों का राष्ट्रीय प्रबंधन मान लिया, लेकिन भारत में, खासकर बंगाल से, घुसपैठियों को देश से बाहर करने के मुद्दे पर एक राजनीतिक, सामाजिक, मजहबी तबका बिलबिलाने क्यों लगता है? राज्यसभा में भारत सरकार की ओर से जवाब दिया गया कि देश में करीब 2 करोड़ घुसपैठिए हैं। विशेषज्ञ यह संख्या 3-4 करोड़ आंकते हैं, क्योंकि बंगाल के अलावा, उप्र, बिहार, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र आदि राज्यों से लेकर राजधानी दिल्ली में भी घुसपैठिए हैं। राजनीतिक कारणों और चुनावी वोट बैंक की खातिर न तो शिद्दत से उनकी पहचान की गई और धरपकड़ कर उन्हें देश से खदेडन्ना तो बहुत दूर की कौड़ी है। चूंकि अब घुसपैठियों को भगाने का पुख्ता रोड-मैप तैयार हो चुका है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया है, जो यह निष्कर्ष देगी कि देश में जनसांख्यिकी परिवर्तन और असंतुलन क्यों हैं? उनके बुनियादी कारण और कारक क्या हैं? विडंबना है कि इस अभियान को

## रोचक तथ्यों का करंट

- पक्षियों के कान उनके पंखों के नीचे छिपे होते हैं ।
- विश्व के आठ प्रतिशत लोगों में एक पसली अधिक होती है।
- 83. चीन में भारतीय रुपए के मुताबिक 100 रुपए प्रति घंटा किसी को देंगे तो आपके जगह पर वह काम करेगा।
- मोतियाबिंन और प्लास्टिक सर्जरी की खोज भी भारत देश में हुई थी।
- कोको कोला का रंग हरा होता है अगर इसमें फूड कलर नहीं मिलाया होता।
- काली मैना प्रतिदिन 30 ग्राम कीड़े खा जाती है, अत यह फसलों की रक्षक कहलाती है।
- इंसान के शरीर की सबसे छोटी हड्डी की होती है।
- चमगादड़ गुफा से निकलते समय हमेशा बाएं हाथ मुड़ते हैं।
- सुअरों के लिए आसमान देखना असंभव है।
- भारत डाक सेवा दुनिया का सबसे बड़ा डाक सेवा हैं।
- उल्लू अपना शिकार नोंचकर नहीं खाता बल्कि पूरा का पूरा निगल जाता है।
- पृथ्वी 4.56 बिलियन वर्ष पुरानी है जो कि चंद्रमा और सूर्य के समान आयु की है।

## राशिफल

**मेष:** परिवार का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष:** परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**मिथुन:** जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। मित्रों के सहयोग से कार्य बनेगा। आत्मसंयत रहें। आशा-निराशा के मिश्रित भाव मन में रहेंगे।

**कर्क:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। माता का सानिध्य मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।

**सिंह:** नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। जीवनसाथी के साथ व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**कन्या:** उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास के योग भी बन रहे हैं। तनाव से बचें। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही हैं। परिवार की समस्याओं का ध्यान रखें।

**तुला:** मन परेशान रहेगा। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी पैतृक सम्पत्ति पर विवाद की स्थिति से बचें।

**वृश्चिक:** वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ेगे। सुखद समाचार मलि सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**धनु:** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आशा-निराशा के मनोभाव रहेंगे। बौद्धिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर:** पैतृक संपत्ति से लाभ होगा। कसिी पुराने मत्रि से भेंट हो सकती है। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।

**कुंभ:** वाणी में मधुरता रहेगी। मत्रिों के सहयोग से लाभ के अवसर मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मीन:** उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। घर में धार्मकि कार्यक्रम के योग हैं। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा के मनोभाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। आलस्य में वृद्धि होगी।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# चार दिनों की गिरावट के बाद हरे निशान पर बाजार बंद, सेंसेक्स 383 अंक चढ़ा



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक मंगलवार को लगातार चार दिनों की गिरावट के बाद हरे निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स 383 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ, वहीं निफ्टी 23,450 के पार पहुंच गया। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स 382.50 (0.51%) अंकों की बढ़त के साथ 74,649.84 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 100.96 (0.43%) अंक मजबूत होकर 23,483.55 पर पहुंचने में सफल रहा। इस दौरान एचसीएल टेक में 4% और अदाणी एंटरटेनमेंट में दो प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। डॉलर के मुकाबले रुपया 9 पैसे गिरकर 95.28 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

सेंसेक्स और निफ्टी की शानदार रिकवरी मंगलवार के कारोबारी सत्र में बाजार ने शुरूआती नुकसान से उबरते हुए मजबूत वापसी की। बीएसई का 30 शेयरों वाला प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स 382.50 अंक यानी 0.52 प्रतिशत चढ़कर 74,649.84 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 73,815.12 के निचले स्तर तक फिसल गया था, लेकिन वहां से इसने 1,047.07 अंकों की जबरदस्त छलांग लगाई।

**आईटी कंपनियों ने बाजार में फूंकी जान :** बाजार की इस रिकवरी के पीछे सबसे बड़ा हाथ आईटी सेक्टर का रहा। बीएसई का आईटी इंडेक्स 4.40 प्रतिशत की भारी बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयरों में सबसे ज्यादा 6.53 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। इसके अलावा इन्फोसिस में 5.66 प्रतिशत, एचसीएल टेक में 4.08 प्रतिशत और टेक महिंद्रा में 1.76 प्रतिशत की तेजी आई।

### विदेशी निवेशकों का रुख और अन्य अहम आंकड़े


एक तरफ जहां घरेलू बाजार में रौनक रही, वहीं विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 3,911.68 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वैश्विक मोर्चे पर बात करें तो ब्रेंट क्रूड ऑयल का दाम 1.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 93.76 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया के कोस्पी, शंघाई के कंपोजिट इंडेक्स और हांगकांग के हैंग सेंग में बढ़त दर्ज की गई, जबकि जापान का निक्केई 225 गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में भी सकारात्मक रुझान देखने को मिला और इससे पहले सोमवार को अमेरिकी बाजार भी बढ़त के साथ बंद हुए थे। वैश्विक आईटी सेक्टर की मजबूती और लार्ज-कैप शेयरों के आकर्षक वैल्युएशन ने भारतीय बाजार को बड़ा सहारा दिया है। आगे चलकर निवेशकों की नजर विदेशी फंड्स के प्रवाह और अंतरराष्ट्रीय बाजार के रुझानों पर बनी रहेगी, जो शेयर बाजार की अगली चाल तय करेंगे।

### वैश्विक संकेत और जानकारों की राय

विश्लेषकों का मानना है कि आईटी शेयरों में यह तेजी अमेरिकी टेक कंपनियों के मजबूत नतीजों और सकारात्मक अनुमानों का परिणाम है। लिवलॉन्ग वेल्थ के रिसर्च एनालिस्ट और संस्थापक हरिप्रसाद के. के अनुसार, अमेरिकी कंपनियों के प्रदर्शन ने यह भरोसा जगाया है कि आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद एआई, क्लाउड और एंटरप्राइज तकनीक पर वैश्विक खर्च मजबूत बना हुआ है। वहीं, जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि मध्य पूर्व में शांति समझौते में हो रही देरी के बावजूद वैश्विक भावना स्थिर बनी हुई है, जो बाजार में जोखिम लेने की क्षमता को दशार्ती है।

## बिजली मांग बढ़ने के बाद भी कोयला उत्पादन घटा

## रिलायंस कम्युनिकेशंस के पूर्व एमडी गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** बिजली की मांग बढ़ने के बावजूद कोल इंडिया का कोयला उत्पादन मई, 2026 में सालाना आधार पर 11.6 फीसदी बढ़कर 5.61 करोड़ टन रह गया। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी का कोयला उत्पादन 6.35 करोड़ टन रहा था। वहीं, अप्रैल-मई में उत्पादन 10.6 फीसदी घट गया। हालांकि, कंपनी ने उत्पादन में गिरावट का कारण नहीं बताया।

**राजकोषीय घाटा- 4.4 फीसदी का लक्ष्य हासिल :** सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 में 4.4 फीसदी के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल कर लिया है। लेखा महानियंत्रक के आंकड़ों के मुताबिक, बीते वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा पहले 15,68,936 करोड़ अनुमानित था। इसे संशोधित कर 15,58,492 करोड़ किया गया था। बीते वित्त वर्ष सरकार ने 33.42 लाख करोड़ का राजस्व संग्रह किया, जो संशोधित बजट अनुमान का 98.8 फीसदी है। कुल खर्च 49.64 लाख करोड़ रहा।

### विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां तीन महीने के शीर्ष पर

घरेलू मांग, नए ऑर्डर में वृद्धि और बुनियादी ढांचे पर खर्च के दम पर विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां मई, 2026 में तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गईं। कच्चे तेल में उछाल के कारण उपजी महंगाई के दबाव के बीच एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधन सूचकांक (पीएमआई) बीते माह 55 पहुंच गया, जो अप्रैल में 54.7 था। पीएमआई का यह आंकड़ा विनिर्माण क्षेत्र में विस्तार का संकेत है और पिछले तीन महीनों में सबसे मजबूत सुधार को दशार्ता है। सर्वे के मुताबिक, मई में कंपनियों को फरवरी के बाद सबसे तेजी से नए ऑर्डर मिले और उत्पादन में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री (इंडिया) प्रांजुल भंडारी ने कहा, ईरान संकट के बीच लागत बढ़ने के बाद भी कंपनियों ने कच्चे माल की खरीद बढ़ाई। घरेलू बाजार ने विनिर्माण वृद्धि को सर्वाधिक समर्थन दिया, जबकि निर्यात ऑर्डरों में बढ़ोतरी अपेक्षाकृत धीमी रही। इनपुट महंगाई अप्रैल के मुकाबले कुछ कम रही।

## अनिल अग्रवाल के वेदांता समूह पर ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली।** देश के बड़े कारोबारी और वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के कई ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय की ओर से छापेमारी की जा रही है। समाचार एजेंसी की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, ईडी की ओर से यह तलाशी अभियान फेमा के नियमों के उल्लंघन से जुड़े मामले में चलाया जा रहा है। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को वेदांता समूह के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान ईडी ने कई जगहों पर छापेमारी की। कारोबारी अनिल अग्रवाल के वेदांता समूह पर ईडी ने फेमा उल्लंघन मामले में यह कार्रवाई की है। अधिकारियों ने बताया किये तलाशी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के उल्लंघन की जांच का हिस्सा हैं।



ईडी के वरिष्ठ अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि जांच के सिलसिले में मंगलवार को दिल्ली और मुंबई में वेदांता समूह से जुड़े दो ठिकानों पर तलाशी ली। अधिकारियों के अनुसार, ये तलाशी अभियान, जो अब संपन्न हो चुके हैं, समूह की कंपनियों द्वारा अपनी मूल कंपनी को कथित तौर पर किए गए ब्रांड शुल्क भुगतान से संबंधित हैं। सूत्रों के अनुसार, यह अभियान अब समाप्त हो चुका है और अधिकारी मामले में अगले कदम तय करने से पहले तलाशी के दौरान एकत्र किए गए दस्तावेजों और रिकॉर्ड का विश्लेषण करेंगे।

### दिल्ली और मुंबई में छापेमारी

जांच एजेंसी ने फेमा प्रावधानों के तहत जांचे जा रहे इन कथित लेन-देन से जुड़े दस्तावेज और रिकॉर्ड जब्त किए हैं। एक अधिकारी ने बताया, ईडी की टीमों ने दिल्ली और मुंबई में एक-एक स्थान पर तलाशी ली। यह अभियान सोमवार को शुरू हुआ था और अब संपन्न हो गया है।
अधिकारी इन भुगतानों से जुड़े वित्तीय रिकॉर्ड और समझौतों की समीक्षा कर रहे हैं। जांचकर्ता कथित तौर पर ब्रांड उपयोग के लिए किए गए भुगतानों की जांच कर रहे हैं और यह पता लगा रहे हैं कि क्या ये लेन-देन विदेशी मुद्रा नियमों के अनुरूप थे। वेदांता के एक प्रवक्ता के अनुसार, ?हम अधिकारियों को पूरा सहयोग दे रहे हैं और मांगी गई सभी जानकारी प्रदान कर रहे हैं। कंपनी सभी लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मदर डेयरी ने लॉन्च किया भारत का पहला मिट्टी में घुलनशील दूध पाउच, पर्यावरण को मिलेगी राहत

**नई दिल्ली।** मदर डेयरी ने पर्यावरण और स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए एक नए तरह का दूध पाउच पेश किया है। यह पाउच मिट्टी में प्राकृतिक रूप से सड़ जाएगा। कंपनी ने मंगलवार, 2 जून को इसकी घोषणा की। यह भारत का पहला ऐसा दूध पाउच है जो मिट्टी में प्लास्टिक का कोई निशान नहीं छोड़ेगा। कंपनी 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस से दिल्ली-एनसीआर में इसका उपयोग करेगी। यह शुरूआत में गाय के दूध के लिए होगा। मदर डेयरी नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

कंपनी प्रतिदिन लगभग 55 लाख लीटर दूध की आपूर्ति करती है। नए पाउच में एक अनूठी पैकेजिंग तकनीक का उपयोग किया गया है। यह सामग्री



बायोउपलब्ध मोम में बदल जाती है। मिट्टी में मौजूद सूक्ष्मजीव इसे प्राकृतिक तत्वों में तोड़ देते हैं। एनडीडीबी के अध्यक्ष मीनेश शाह ने बताया कि यह पैकेजिंग कुछ वर्षों में मिट्टी में सड़ जाएगी। इससे उपभोक्ता दूध की कीमतों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

**पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम :** मीनेश शाह ने कहा कि मदर डेयरी ग्रह की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल क्षेत्र की नेतृत्व क्षमता को दशार्ती है। यह भविष्य के लिए तैयार और टिकाऊ पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति समर्पण है। मदर डेयरी के प्रबंध निदेशक जयतीर्थ चारी ने बताया कि इस पाउच को विकसित करने में चार साल से अधिक का शोध लगा।

### रीसाइकिल योग्य और विविध उत्पाद पोर्टफोलियो

ये दूध पाउच रीसायकिल योग्य बने रहेंगे। इनकी मुख्य विशेषता प्राकृतिक तत्वों में विघटित होने की क्षमता है। यह प्लास्टिक की चुनौती से निपटने में मदद करेगा। मदर डेयरी 1974 में स्थापित हुई थी और दूध व दूध उत्पादों का उत्पादन करती है। इसमें दही, आइसक्रीम, पनीर और घी शामिल हैं। कंपनी धारा ब्रांड के तहत खाद्य तेल और सफल ब्रांड के तहत फल, सब्जियां व स्नैक्स भी बेचती है।

## ड्रग तस्कर सलीम डोला पर प्रवर्तन निदेशालय का शिकंजा, महाराष्ट्र-गुजरात में की ताबड़तोड़ छापेमारी




**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को महाराष्ट्र और गुजरात में कई ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला से जुड़े धन शोधन मामले में की गई है। डोला को हाल ही में तुर्किये से भारत वापस लाया गया था। केंद्रीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। इसके बाद मुंबई में लगभग 20 स्थानों पर छापे मारे गए। गुजरात के सूरत और भरूच जिले के अंकलेश्वर में भी कार्रवाई हुई। अधिकारियों ने बताया कि यह जांच डोला के अवैध वित्तीय लेनदेन से संबंधित है।

## चुटकुले

लड़का लड़की से- मैं आपसे दोस्ती करना चाहता हूं.
लड़की- तो हमारी दुश्मनी ही कब हुई थी भईया?
लड़के ने साध ली चुप्पी...

---

सोनू- किस बात से परेशान है?
मोनू- यार घरवालों से हूं.
सोनू- घरवालों ने क्या किया?
मोनू- जिस दिन सोचता हूं कि कुछ नया करुंगा, उसी दिन घर वाले गेहूं पिसवाने भेज देते हैं।

---

पहले मेरे दोस्त को चम्मच
धोना भी नहीं आता था
अच्छा फिर...
फिर मैंने सलाह दी कि शादी कर लो आप यकीन नहीं करोगे अब वह बर्तन और कपड़े दोनों धो लेता है।

---

मालिक नौकर से- जरा देख तो बाहर सूरज निकला या नहीं?
नौकर- बाहर तो अंधेरा है साहब
मालिक- तो टॉर्च जलाकर देख ले कामचोर।

दैनिक
करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 03 06 2026 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



संजना अन्ने (अभिनेत्री)



युसरा कुरैशी | रामदुलार यादव (वरिष्ठ सपा नेता) | कृष्णवीर चौधरी | संजीव गुप्ता | एड नाजिम पठान



अक्षय वर्मा | अमरपाल माटू | अंकुर वर्मा | अशु भाटी | आरीफ खान | अविनाश गुप्ता



गोपाल शर्मा | मोहन कुमार | ओमेन्द्र खारी | पिंटू यादव | सुनील जिंदल | तुलसी राम सोनी



अशोक चौहान | स्वास्तिक चिकारा | विशाल कुमार पाल | अमन प्रदीप चौहान




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com



# आईपीएल 2026 में किन पांच युवा खिलाड़ियों ने मचाया धमाल











**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में जहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लगातार दूसरी बार खिताब जीता, वहीं कई युवा खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से खास पहचान बनाई। वैभव सूर्यवंशी, साकिब हुसैन, कूपर कोनोली, अंगकृष रघुवंशी और प्रिंस यादव ने बल्ले और गेंद दोनों से प्रभावित किया। इनमें से प्रिंस यादव को शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम से भी बुलावा मिला।

आईपीएल 2026 सिर्फ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लगातार दूसरे खिताब के लिए ही याद नहीं रखा जाएगा, बल्कि उन युवा खिलाड़ियों के लिए भी यादगार रहेगा जिन्होंने पूरे सीजन अपने प्रदर्शन से क्रिकेट प्रेमियों का ध्यान खींचा। किसी ने बल्ले से रन बरसाए तो किसी ने गेंद से विरोधी बल्लेबाजों को परेशान किया।

**वैभव सूर्यवंशी ने रिकॉर्ड्स की लगा दी झड़ी**

राजस्थान रॉयल्स के 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी इस सीजन के सबसे बड़े आकर्षण रहे। युवा बल्लेबाज ने 16 मैचों में 237 के शानदार स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाए। उन्होंने पूरे टूनामेंट में 72 छक्के जड़े और आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वैभव का आक्रामक अंदाज पूरे सीजन चर्चा में रहा।

**साकिब हुसैन ने गेंद से बिखेरा जलवा**

बिहार के गोपालगंज से आने वाले साकिब हुसैन ने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलते हुए अपनी तेज गेंदबाजी से प्रभावित किया। डेब्यू मैच से ही उन्होंने सुर्खियां बटोरनी शुरू कर दी थीं। साकिब ने आईपीएल 2026 में 11 मुकाबले खेले और 15 विकेट हासिल किए। उनकी लगातार प्रभावी गेंदबाजी ने उन्हें उभरते हुए गेंदबाजों की सूची में शामिल कर दिया।

**कूपर कोनोली का शानदार आगाज**

पंजाब किंग्स के लिए खेलने वाले 22 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कूपर कोनोली ने भी इस सीजन अपनी छाप छोड़ी। उन्होंने 14 मैचों में 163 के स्ट्राइक रेट से 491 रन बनाए। कोनोली ने अपने डेब्यू मुकाबले में 44 गेंदों पर 72 रन की शानदार पारी खेली। इसके अलावा वह सीजन में एक शतक लगाने में भी सफल रहे।

**अंगकृष रघुवंशी ने मुश्किल हालात में दिखाया दम**

कोलकाता नाइट राइडर्स का सीजन भले ही उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा, लेकिन अंगकृष रघुवंशी ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने 13 मुकाबलों में 42 की औसत और 146 के स्ट्राइक रेट से 422 रन बनाए। टीम पर दबाव की परिस्थितियों में भी अंगकृष ने जिम्मेदारी निभाते हुए महत्वपूर्ण पारियां खेलीं।

**प्रिंस यादव को मिला टीम इंडिया का बुलावा**

लखनऊ सुपर जाएंट्स के तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने अपनी गति और सटीक लाइन-लेंथ से बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। उन्होंने 14 मैचों में 16 विकेट लिए और पूरे सीजन प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इसी प्रदर्शन का इनाम उन्हें भारतीय टीम से बुलावे के रूप में मिला। प्रिंस ने इस सीजन विराट कोहली को गोल्डन डक पर आउट करके भी खास पहचान बनाई। आईपीएल 2026 ने एक बार फिर साबित किया कि यह टूनामेंट युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच देता है, और इस सीजन इन पांच खिलाड़ियों ने उस अवसर का भरपूर फायदा उठाया।

# मोटरस्पोर्ट्स में दुनिया के मंच पर भारत का नाम रोशन किया



**थेसालोनिकी।** भारत की 11 वर्षीय रेसिंग प्रतिभा अतीका मीर ने ग्रीस में आयोजित चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर अकादमी प्रोग्राम के दूसरे राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वालिफाइंग, हीट रेस और फाइनल सभी में जीत हासिल की। इस जीत के साथ वह सीरीज के इतिहास में ऐसा करने वाली सिर्फ तीसरी ड्राइवर बनीं। पोडियम पर भारतीय राष्ट्रगान बजने के दौरान अतीका भावुक भी हो गईं।

भारत की युवा रेसर (कार्ट रेसिंग ड्राइवर) अतीका मीर ने विश्व मोटरस्पोर्ट मंच पर अपनी प्रतिभा का एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर अकादमी प्रोग्राम के दूसरे दौर में क्वालिफाइंग, हीट रेस और फाइनल्स में जीत दर्ज कर करियर की सबसे प्रभावशाली सफलता हासिल की।

फामूर्ला वन अकादमी का समर्थन पाने वाली 11 वर्षीय अतीका ने ओके-एनजे (12-14 वर्ष आयु वर्ग) श्रेणी में बेहद प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में दबदबा कायम किया। उन्होंने इस वर्ग में अपने पहले ही सत्र में कई अनुभवी पुरुष ड्राइवरों को कड़ी चुनौती देते हुए असाधारण प्रदर्शन किया।

**सीरीज के इतिहास में दर्ज कराया नाम**

अतीका पूरे सप्ताहांत प्रतिस्पर्धियों से एक कदम आगे नजर आईं। उनके इस प्रदर्शन ने उन्हें सीरीज के इतिहास में क्वालिफाइंग, हीट्स और फाइनल में क्लीन स्वीप करने वाली केवल तीसरी ड्राइवर बना दिया। राउंड 2.2 के फाइनल में उन्होंने दूसरे स्थान पर रहने वाले ड्राइवर से 2.6 सेकेंड से अधिक के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। मोटरस्पोर्ट में यह अंतर काफी बड़ा माना जाता है, खासकर तब जब सभी 25 ड्राइवर एक जैसी मशीनरी का उपयोग कर रहे हों।

# जब विराट से मिले वैभव: पहले किया नमस्ते फिर हुआ हैंडशेक

## किंग ने कंधे पर हाथ रख की तारीफ; आई चेहरे पर मुस्कान



**अहमदाबाद।** आईपीएल 2026 फाइनल के बाद विराट कोहली और युवा स्टार वैभव सूर्यवंशी की मुलाकात ने करोड़ों क्रिकेट प्रशंसकों का दिल जीत लिया। वैभव ने नमस्ते कर विराट का अभिवादन किया, जबकि कोहली ने कंधे पर हाथ रखकर उनकी हौसला-अफजाई की और यह खूबसूरत पल सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

आईपीएल 2026 के फाइनल के बाद नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जश्न अपने चरम पर था। आतिशबाजी से आसमान जगमगा रहा था, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने का उत्सव मना रही थी और हजारों दर्शक इस ऐतिहासिक पल के गवाह थे। लेकिन इसी शोर और चमक-दमक के बीच एक ऐसा दृश्य सामने आया, जिसने क्रिकेट प्रेमियों के दिलों को छू लिया।

**वर्तमान और भविष्य की मुलाकात!**

यह पल था भारतीय क्रिकेट के वर्तमान और भविष्य की मुलाकात का। एक तरफ थे विराट कोहली, जिन्होंने अपनी शानदार बल्लेबाजी से आरसीबी को खिताब तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। दूसरी तरफ थे महज 15 साल के वैभव सूर्यवंशी, जिन्होंने पूरे आईपीएल 2026 में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से हर किसी को प्रभावित किया।

**वैभव को मिले कौन से अवॉर्ड्स**

| अवॉर्ड | राशि मिली | खिलाड़ी |
|---|---|---|
| इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | वैभव सूर्यवंशी |
| सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन | कार | वैभव सूर्यवंशी |
| सुपर सिक्सेस ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | वैभव सूर्यवंशी |
| ऑरेंज कैप | 10 लाख रुपये | वैभव सूर्यवंशी |
| मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर ऑफ द सीजन | 15 लाख रुपये | वैभव सूर्यवंशी |

**नमस्ते से शुरू हुई मुलाकात, मुस्कान में दिखा सम्मान**

फाइनल के बाद जब खिलाड़ी और मेहमान मैदान पर मौजूद थे, तभी विराट कोहली की नजर वैभव सूर्यवंशी पर पड़ी। भारतीय क्रिकेट के इस युवा सितारे ने अपने आदर्श विराट को देखते ही दोनों हाथ जोड़कर नमस्ते किया। विराट ने भी बड़े स्नेह के साथ उनका अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद दोनों के बीच हैंडशेक हुआ। कोहली ने वैभव के कंधे पर हाथ रखा और कुछ देर उनसे बातचीत की। इस दौरान दोनों के चेहरों पर मुस्कान साफ दिखाई दे रही थी। ऐसा लग रहा था मानो भारतीय क्रिकेट की एक पीढ़ी दूसरी पीढ़ी को आगे बढ़ने का आशीर्वाद दे रही हो।

कैमरों ने इस खूबसूरत पल को कैद कर लिया और देखते ही देखते यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। क्रिकेट प्रशंसकों ने इसे सिर्फ एक मुलाकात नहीं, बल्कि भारतीय क्रिकेट के सुनहरे भविष्य की झलक बताया।

# अश्विन ने पूछा- आईपीएल में चौके कम क्यों लगाए

## 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने दिया ऐसा जवाब कि सब चौंके



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में ऑरेंज कैप जीतने वाले वैभव सूर्यवंशी ने रविचंद्रन अश्विन की मजाकिया टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा कि वह लाल गेंद से काफी अभ्यास कर चुके हैं और जल्द ही लोग उनके खेल का नया रूप देखेंगे। युवा बल्लेबाज ने टेस्ट क्रिकेट खेलने की अपनी इच्छा भी जताई और कहा कि उनके पिता ने उन्हें सिखाया है कि यही क्रिकेट का सर्वोच्च प्रारूप है।

आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अपने प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा। टीम भले ही क्वालिफायर-2 तक पहुंचकर खिताब जीतने से चूक गई, लेकिन 15 वर्षीय बल्लेबाज ने पूरे टूनामेंट में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 16 मैचों में 776 रन बनाए और ऑरेंज कैप अपने नाम की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के बीच खेले गए फाइनल के बाद भारत के पूर्व ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने मजाकिया अंदाज में कहा कि इस साल वैभव ने लगभग सभी बड़े पुरस्कार जीत लिए, बस सबसे ज्यादा चौके लगाने का अवॉर्ड नहीं जीत पाए। अश्विन की इस टिप्पणी पर वैभव ने संकेत दिया कि वह अब अपने खेल के दूसरे पहलुओं पर भी काम कर रहे हैं और भविष्य में लोग उन्हें अलग अंदाज में बल्लेबाजी करते देखेंगे।

**लाल गेंद से अभ्यास पर क्या बोले वैभव?**

वैभव ने कहा, 'हां, मुझे मैदान पर खेलना होगा क्योंकि अगला असाइनमेंट वनडे प्रारूप में है। मैंने लाल गेंद से काफी अभ्यास किया है, लेकिन किसी ने मुझे ऐसा करते हुए नहीं देखा है।


हालांकि, लोग जल्द ही इसे देखेंगे।' युवा बल्लेबाज ने बताया कि टी20 क्रिकेट में उनके आक्रामक खेल को अक्सर गलत तरीके से समझा जाता है। उनका कहना है कि बड़े शॉट खेलने के पीछे मजबूरी नहीं बल्कि आत्मविश्वास है।

उन्होंने कहा, 'लोग सोचते हैं कि मुझे हर गेंद पर शॉट खेलना पसंद है, लेकिन यह टी20 प्रारूप है और कोच मुझे खुलकर खेलने की आजादी देते हैं। मैं गेंद पर इसलिए प्रहार करता हूं क्योंकि मुझे पता होता है कि मैं ऐसा कर सकता हूं, न कि किसी मजबूरी की वजह से।'

**टेस्ट क्रिकेट खेलने का सपना**

वैभव सूर्यवंशी ने स्पष्ट किया कि उनका अंतिम लक्ष्य भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना है। उन्होंने बताया कि उनके पिता हमेशा से उन्हें टेस्ट क्रिकेट की अहमियत समझाते रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं निश्चित रूप से टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं क्योंकि मेरे पिता ने भी मुझे सिखाया है कि यही क्रिकेट का सर्वोच्च प्रारूप है।

# नॉर्वे चेस में चमके भारतीय सितारे: प्रज्ञानंद की शानदार जीत, गुकेश ने भी बटोरे अंक



**ओस्लो।** नॉर्वे चेस 2026 के सातवें राउंड में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रज्ञानंद ने क्लासिकल मुकाबले में अलीरेजा फिरोजा को हराया, जबकि विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने वेस्ली सो के खिलाफ आमार्गेडन मुकाबला जीतकर अतिरिक्त अंक हासिल किए। महिला वर्ग में दिव्या देशमुख ने कोनेरू हम्पी को आमार्गेडन में मात देकर अपनी स्थिति मजबूत की।

नॉर्वे चेस 2026 के सातवें राउंड में भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद ने शानदार खेल दिखाते हुए अलीरेजा फिरोजा को क्लासिकल मुकाबले में पराजित किया। लंबे समय तक चले इस मुकाबले में प्रज्ञानंद ने धैर्य और सटीक रणनीति का परिचय दिया और अपनी बढ़त को जीत में बदल दिया। यह टूनामेंट में फिरोजा की दूसरी क्लासिकल हार रही, जबकि प्रज्ञानंद ने खिताब की दौड़ में अपनी दावेदारी और मजबूत कर ली।

**गुकेश ने आमार्गेडन में वेस्ली सो को हराया**

विश्व चैंपियन डी. गुकेश और वेस्ली सो के बीच क्लासिकल मुकाबला काफी रोमांचक रहा। दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला और अंततः मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इसके बाद खेले गए आमार्गेडन मुकाबले में गुकेश ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और अतिरिक्त अंक हासिल किए। विश्व नंबर एक मैग्नस कार्लसन और विंसेंट कीमर के बीच क्लासिकल मुकाबला ड्रॉ रहा। हालांकि, आमार्गेडन में कार्लसन ने जीत हासिल कर अतिरिक्त अंक अपने नाम किए और शीर्ष स्थान की दौड़ में खुद को बनाए रखा।

# हरमनप्रीत के नेतृत्व में फिर गोल्ड की दावेदारी

## एशियाड के लिए 33 खिलाडी रडार पर

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने एशियाई खेलों के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। 2023 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम इस बार भी मजबूत संयोजन के साथ एशियाड में खिताब बचाने के इरादे से उतरेगी।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम आगामी एशियाई खेलों में प्रमुख खिलाड़ियों के दम पर अपने स्वर्ण पदक की रक्षा करने के लिए उतरेगी। बीसीसीआई की ओर से इन खेलों के लिए संभावितों में इंग्लैंड में होने जा रहे टी-20 विश्वकप की 15 में से 14 क्रिकेटरों को शामिल किया गया है। इनमें कप्तान हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, शैफाली वर्मा जैसी क्रिकेटर शामिल हैं। भारतीय महिला और पुरुष क्रिकेट टीम ने 2023 के हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। बीसीसीआई ने इन खेलों के लिए 33 महिला क्रिकेटरों को लांग लिस्ट में जगह दी है। इन्हीं में से 15 सदस्यीय टीम एशियाई खेलों के लिए चुनी जाएगी। एशियाड में महिला क्रिकेट के मुकाबले 17 सितंबर से शुरू हो रहे हैं। 22 सितंबर को फाइनल खेला जाना है। भारत के अलावा महिला क्रिकेट में पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, मेजबान जापान खेल रहे हैं। चीन, मलयेशिया और थाईलैंड की तीन अन्य टीमों ने इन खेलों के लिए क्वालिफाई किया है।

**पिछले एशियाड की 10 सदस्य संभावितों में**

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम ने 2023 में श्रीलंका को 19 रन से हराकर ऐतिहासिक पहला एशियाड स्वर्ण जीता था। हरमनप्रीत कौर की टीम को 12 जून से पांच जुलाई तक इंग्लैंड में टी-20 विश्वकप खेलना है। लांग लिस्ट के हिसाब से माना जा रहा है कि बीसीसीआई इस बार भी इन खेलों में अपनी प्रमुख टीम को एशियाई खेलों में उतारेगी। पिछले एशियाड की विजेता टीम की 10 सदस्य इस बार लांग लिस्ट में शामिल हैं।

**अमोल मजूमदार ही होंगे कोच**

संभावितों में युवा क्रिकेटरों को भी जगह दी गई है। इनमें कमलिनी, जिंतीमनि कालिता, श्वेता सेहरावत जैसी क्रिकेटर भी शामिल हैं। अनुभवी क्रिकेटों में रिचा घोष, हरलीन देयोल, प्रतिका रावल, रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर, राधा यादव, स्नेह राणा जैसी क्रिकेटरों का नाम शामिल है। लांग लिस्ट में टीम के मुख्य कोच अमूल मजूमदार, गेंदबाजी कोच अविष्कार साल्वी, फील्डिंग कोच मुनीश बाली को भी जगह दी गई है।



**एशियाड के लिए संभावित 33 महिला क्रिकेटर**

अमनजोत कौर, अमनदीप कौर, अनुष्का शर्मा, अरुंधति रेड्डी, भारती फूलमाली, दीप्ति शर्मा, जी कमलिनी, हरलीन देयोल, हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, जिंतीमनी कालिता, काश्वी गौतम, किरन नवगिरे, क्रांति गौड़, मिन्नू मणि, नंदनी शर्मा, पूजा वस्त्राकर, प्रतिका रावल, प्रेमा रावत, राधा यादव, रेणुका ठाकुर, रिचा घोष, साइमा ठाकोर, सयाली सतघरे, शैफाली वर्मा, श्रेयंका पाटिल, श्वेता सेहरावत, स्मृति मंधाना, स्नेह राणा, श्रीचरणी, तेजल हसबनीस, उमा छेत्री, वैष्णवी शर्मा।

# पीवी सिंधू ने पार की पहली बाधा, अब क्या विश्व नंबर-एक एन से-यंग से होगा मुकाबला

**जकार्ता।** भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने इंडोनेशिया ओपन में जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की। उन्होंने थाईलैंड की बसानन ओंगबामरुंगफान को सीधे गेमों में हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अब उनकी संभावित भिड़ंत विश्व नंबर-1 दक्षिण कोरिया की एन से-यंग से हो सकती है, बशर्ते वह अपना शुरूआती मुकाबला जीत लें।

भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने इंडोनेशिया ओपन में शानदार शुरूआत करते हुए थाईलैंड की बसानन ओंगबामरुंगफान को 25-23, 21-16 से हराया। स्कोरलाइन भले ही एकतरफा नजर आए, लेकिन मुकाबले में कई ऐसे पल आए जब सिंधू को अपनी पूरी क्षमता दिखानी पड़ी। हालांकि खेल दोबारा शुरू करने में देरी के कारण उन्हें पेनल्टी मिली, जिसका फायदा बुसानन ने उठाया और मुकाबले को रोमांचक बना दिया।

**दबाव में दिखा सिंधू का अनुभव:** बुसानन ने वापसी करते हुए पहले गेम में सिंधू की बढ़त को खत्म कर दिया, लेकिन निर्णायक क्षणों में भारतीय खिलाड़ी का अनुभव काम आया। जब-जब थाई खिलाड़ी ने मैच का रुख बदलने की कोशिश की, सिंधू ने आक्रामक खेल और लगातार अच्छे शॉट्स के जरिए जवाब दिया। पहला गेम जीतने के बाद सिंधू ने दूसरे गेम में भी लय बरकरार रखी और सीधे गेमों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।

**क्या फिर होगी एन से-यंग से भिड़ंत:** सिंधू की इस जीत के बाद अब उनकी संभावित टक्कर दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर-1 खिलाड़ी एन से-यंग से हो सकती है। पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में एन से-यंग ने सिंधू को हराया था। हालांकि यह मुकाबला तभी संभव होगा जब एन से-यंग अपने पहले दौर के मैच में तुर्किये की नेस्लिहान अरिन को पराजित करें।

# आईपीएल के लगातार दो सीजन में जीतीं दो कारें: पर चला नहीं पाएंगे वैभव सूर्यवंशी

## इस सीजन कुल कितने रुपये कमाए



नई दिल्ली। आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अपने प्रदर्शन से कई रिकॉर्ड बनाए और ऑरेंज कैप भी जीती। 15 वर्षीय बल्लेबाज ने सीजन के दौरान पुरस्कार राशि, मैच फीस और अनुबंध राशि मिलाकर 2.5 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की। उन्हें सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन का पुरस्कार जीतने पर टाटा सिएरा कार भी मिली, लेकिन उम्र कम होने के कारण वह फिलहाल उसे खुद नहीं चला सकते।

आईपीएल 2026 राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के लिए यादगार साबित हुआ। महज 15 साल की उम्र में उन्होंने टूनामेंट के सबसे सफल बल्लेबाज के रूप में खुद को स्थापित किया और 776 रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम की। राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें मेगा ऑक्शन से पहले 1.10 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा था और इस सीजन भी उनकी रिटेनर राशि इतनी ही रही। हालांकि, यह रकम उनकी कुल कमाई का सिर्फ एक हिस्सा है। शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें सीजन के दौरान कई व्यक्तिगत पुरस्कार और नकद इनाम भी मिले।

**पुरस्कारों से हुई अतिरिक्त कमाई**

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले के बाद आयोजित पुरस्कार समारोह में वैभव सूर्यवंशी को कई बड़े सम्मान मिले। उनके नाम पुरस्कार और नकद राशि इस प्रकार रहीः

- **ऑरेंज कैपः 10 लाख रुपये**
- सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजनः टाटा सिएरा कार
- सुपर सिक्सेस ऑफ द सीजनः 10 लाख रुपये
- इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजनः 10 लाख रुपये

इस तरह सिर्फ सीजन पुरस्कारों के जरिए ही उन्होंने 45 लाख रुपये की अतिरिक्त कमाई की। साथ ही टाटा सिएरा कार भी जीती। आईपीएल में खिलाड़ियों को अनुबंध राशि के अलावा मैच फीस भी मिलती है। वैभव ने इस सीजन राजस्थान रॉयल्स के लिए कुल 16 मुकाबले खेले। उन्हें प्रत्येक मैच के लिए 7.5 लाख रुपये मिले। 7.5 लाख रुपये के हिसाब से 16 मैचों की कुल राशि हुई 1.20 करोड़ रुपये। यानी सिर्फ मैच फीस के जरिए ही उनकी कमाई 1.20 करोड़ रुपये तक पहुंच गई।

**मैच-दर-मैच पुरस्कारों ने भी बढ़ाई कमाई**

वैभव सूर्यवंशी ने पूरे सीजन कई बार व्यक्तिगत मैच पुरस्कार भी जीते। इलेक्ट्रिक स्ट्राइकर ऑफ द मैच, मोस्ट सिक्सेस ऑफ द मैच जैसे पुरस्कारों के लिए खिलाड़ियों को एक-एक लाख रुपये की राशि मिलती है। वैभव ने अपने शानदार बल्लेबाजी अभियान के दौरान ऐसे कई पुरस्कार हासिल किए। हालांकि इन पुरस्कारों की कुल संख्या और सटीक राशि सार्वजनिक नहीं की गई, लेकिन इन्हें जोड़ने के बाद उनकी कुल कमाई 2.50 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गई। आईपीएल 2026 में सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन बनने पर वैभव सूर्यवंशी को टाटा सिएरा कार भी पुरस्कार स्वरूप मिली। पिछले साल भी वैभव सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन रहे थे। तब उन्हें टाटा कर्व मिली थी। दिलचस्प बात यह है कि वह फिलहाल इन दोनों कारों को खुद नहीं चला सकते। इसकी वजह उनकी उम्र है। वैभव अभी सिर्फ 15 साल के हैं और भारतीय कानून के अनुसार उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं हो सकता।

भारत में कार, मोटरसाइकिल और अन्य हल्के मोटर वाहन चलाने के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष है, जबकि 18 वर्ष से कम उम्र का व्यक्ति सार्वजनिक सड़कों पर कार नहीं चला सकता। बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाना कानूनन अपराध है और नाबालिग के वाहन चलाने पर उसके अभिभावकों या वाहन मालिक के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है।

**वैभव का अद्भुत प्रदर्शन**

भले ही उम्र के कारण वैभव को कार चलाने के लिए अभी कुछ साल और इंतजार करना होगा, लेकिन मैदान पर उनकी उपलब्धियां बता रही हैं कि भारतीय क्रिकेट को एक बड़ा सितारा मिल चुका है। 15 वर्ष की उम्र में 776 रन, ऑरेंज कैप और 2.5 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई उनके असाधारण प्रदर्शन की कहानी खुद बयां करती है।

# फोन के नोट्स में क्या लिखा था वैभव सूर्यवंशी ने

## ऑरेंज कैप जीतने के बाद किया बड़ा खुलासा



**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने खुलासा किया है कि आईपीएल 2026 शुरू होने से पहले उन्होंने अपने फोन के नोट्स में 700 रन बनाने का लक्ष्य लिखा था। 15 वर्षीय बल्लेबाज ने इस सीजन 776 रन बनाकर ऑरेंज कैप जीती और कई व्यक्तिगत पुरस्कार अपने नाम किए। वैभव ने कहा कि ऑरेंज कैप जीतना कभी उनका सपना था और अब वह अगले सीजन में राजस्थान रॉयल्स को खिताब दिलाने की उम्मीद कर रहे हैं।

आईपीएल 2026 में अपने रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरने वाले राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने बताया कि टूनामेंट शुरू होने से पहले ही उन्होंने अपने लिए एक बड़ा लक्ष्य तय कर लिया था। आईपीएल द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी वीडियो में वैभव ने कहा, 'असल में, मैंने अपने फोन के नोट्स में लिखा था कि मुझे आईपीएल में 700 रन बनाने हैं। वह आज भी मेरे फोन में मौजूद है। हर मैच के बाद मैं अपना स्कोर और जिस टीम के खिलाफ खेला, उसका नाम नीचे लिखता था। यह मेरा व्यक्तिगत लक्ष्य था और मैं उसे हासिल करने में सफल रहा।'

**रिकॉर्डतोड़ सीजन के साथ जीती ऑरेंज कैप**

हालांकि आईपीएल 2026 का खिताब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को हराकर अपने नाम किया, लेकिन पूरे सीजन में सबसे ज्यादा चर्चा वैभव सूर्यवंशी की रही। 15 वर्षीय बल्लेबाज ने 16 मैचों में 776 रन बनाकर ऑरेंज कैप जीती। इसके अलावा उन्हें मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर (एमवीपी), इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन, सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन और सुपर सिक्सेस ऑफ द सीजन के पुरस्कार भी मिले। वैभव ने पूरे सीजन में रिकॉर्ड 72 छक्के लगाए और 237.31 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की।

**ऑरेंज कैप जीतना था सपना**

वैभव ने कहा कि एक समय ऐसा था जब वह टीवी पर ऑरेंज कैप देखकर सिर्फ उसे छूने का सपना देखते थे। उन्होंने कहा, 'जब मैं टीवी पर मैच देखता था तो किसी खिलाड़ी को ऑरेंज कैप मिलते हुए देखता था। मैं भी सोचता था कि कम से कम एक बार इसे छूकर देखूं कि यह कैसी होती है। लेकिन भगवान ने मेरे लिए यह सब कर दिया। उन्होंने मुझे बहुत आशीर्वाद दिया है और मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं।

# गाजियाबाद आसपास




## लेंटर डालते समय हादसा, अचानक भरभराकर गिरा लेंटर, परिवार और मजदूर मलबे में दबे, आठ घायल

**हापुड़ ।** लेंटर डालने का काम चल रहा था तभी अचानक तेज आवाज के साथ वह ढह गया। मलबे के गिरने से मौके पर चीख-पुकार मच गई। नई छत पर मौजूद लोग और काम कर रहे मजदूर मलबे के नीचे दब गए।



शनिवार को गुलावठी कस्बे में शनि मंदिर के पास एक निर्माणाधीन मकान में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब लेंटर डालते समय अचानक वह भरभराकर गिर गया। इस हादसे में नई छत पर बैठे परिवार के सदस्य और मजदूर मलबे में दब गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अमला तुरंत मौके पर पहुंचा और बचाव कार्य शुरू किया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लेंटर डालने का काम चल रहा था तभी अचानक तेज आवाज के साथ वह ढह गया। मलबे के गिरने से मौके पर चीख-पुकार मच गई। नई छत पर मौजूद लोग और काम कर रहे मजदूर मलबे के नीचे दब गए। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े और बचाव कार्य शुरू किया।

सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया और मलबे में दबे लोगों को निकालने का काम शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद मलबे में फंसे सभी लोगों को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस हादसे में कुल आठ लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पाइपलाइन फटने से अजनारा होम्स के कई फ्लैटों में भरा पानी

**नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित अजनारा होम्स सोसाइटी में मंगलवार को फायर फाइटिंग सिस्टम की पाइपलाइन फटने से कई टावरों और फ्लैटों में पानी भर गया। कॉरिडोर, सीढ़ियों और लिफ्ट लॉबी तक पानी पहुंच गया। सुरक्षा के कारण मेंटेनेंस टीम ने कुछ समय के लिए लिफ्टों का संचालन बंद कर दिया।



घटना के बाद सोसाइटी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई निवासियों को अपने फ्लैटों से पानी निकालने और सामान को सुरक्षित करने में परेशानी का सामना करना पड़ा। सोसाइटी निवासी सिमरन ने बताया कि पाइपलाइन फटने के बाद देखते ही देखते कई घरों में पानी घुस गया। पानी लिफ्ट तक पहुंचने से करंट लगने का खतरा भी बढ़ गया। उन्होंने कहा कि घटना के दौरान मेंटेनेंस टीम से तत्काल संपर्क नहीं हो सका, जिससे लोगों की चिंता बढ़ गई। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले ही सोसाइटी से फायर सेफ्टी से जुड़े उपकरण भी चोरी हो गए थे। इसके बाद सोसाइटी की रखरखाव व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधन को लेकर सवाल उठने लगे हैं। निवासियों ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने और सोसाइटी में सुरक्षा एवं रखरखाव व्यवस्था को और बेहतर बनाने की मांग की है।

### अजनारा होम्स की लिफ्ट में फंसा डिलीवरी बॉय

ग्रेटर नोएडा संवाद। ग्रेनो वेस्ट स्थित अजनारा होम्स सोसाइटी के ओ टावर की लिफ्ट में एक डिलीवरी बॉय फंस गया। वह डिलीवरी करने जा रहा था, उस समय लिफ्ट अचानक बीच में ही रुक गई। लिफ्ट में आई तकनीकी खराबी के कारण वह करीब आधे घंटे तक लिफ्ट के अंदर फंसा रहा। सूचना मिलने पर मेंटेनेंस टीम मौके पर पहुंची और लिफ्ट का दरवाजा खोलकर डिलीवरी बॉय को सुरक्षित बाहर निकाला।




### निगम में है चहल पहल, ये वो वाला फैजल नहीं है ये वो वाला फैजल है

अगर किसी बस्ति को सरकारी महकमे वाले मिलकर आबाद कर रहे हैं तो फिर सियासत वालों की हस्ति नहीं है कि वहां बुल्डोजर चला दें। जोर जोर से चिल्ला चिल्लाकर पूछा जा रहा था कि फैजल कौन है। कईबार बता दिया कि फैजल को झुग्गियों में मत तलाश करो, वो तो नगर निगम में ही मिल जायेगा। वो एमडी भरता मिल जायेगा, विकास की रिपोर्ट तैयार करता मिल जायेगा। कमाल ये है कि जिन्हें झुग्गियों के बाहर खड़े होकर अंदर बैठे रोहिंगिया दिख रहे थे उन्हें नगर निगम में बैठा फैजल नहीं दिखा। अब कमाल ये है कि सरकारी फाईल वालों ने बड़े स्टाईल से फैजल को ही लापता कर दिया है। समझाने वालों ने समझा दिया कि ये वो वाला फैजल नहीं है और वो वाला फैजल तो दूसरा है। कुर्बान जायें इस दिव्य ज्ञान पर कि सुपरवाईजरों से लेकर स्वीपर को पता है कि फैजल यही है मगर पब्लिसिटी स्टंट करने वालों को नहीं पता कि असली फैजल कौन है। सुना है कि जो मौके पर बता रहा था फैजल ने बस्ति बसाई है, पता चला है कि बताने वाले की शरीक ए हयात भी फैजल ठेकेदार की एम्पलोय है। निगम वालों ने ही बातया कि आपने कहावत तो सुनी होगी कि सोते हुए को आप जगा सकते हैं लेकिन जागते हुए को जगाना टेढ़ी खीर है। जब उन्हें खुली आंखों से नहीं दिख रहा तो आप भी आंख बंद कर ये बात मान लीजिये कि फैजल हमेशा के लिए लापता हो गया है।

### नोएडा वाले कॉलिज की जमीन के तार और जनप्रतिनिधि के रिश्तेदार

राजनीति में जमीन से जुड़ना बहुत जरूरी है और जब लहर के बादलों पर सवार होकर सरकार में आ जाओ तो जमीन पर आने सेपहले ही जमीन में ईजाफा कर लो। चतुर सुजान सियासत वाले ऐसा कर भी रहे हैं। किसी ने फार्महाउस खरीद लिया है तो किसी ने हाईवे के किनारे जमीन ले ली है। किस्सा नोएडा वाली जमीन को लेकर गूंज रहा है। नोएडा वाले कॉलिज की जमीन का मामला लखनऊ वाले बाबा की नॉलेज में आ गया है। बताते हैं कि किसी जनप्रतिनिधि के रिश्तेदार ने कॉलेज वाली जमीन पर कब्जा कर लिया। जज्बा भी ये था कि अगर चलती में ना चलाई तो क्या फायदा। सुना है कि मामला लखनऊ के बड़े दरबार में पहुंच गया है और जल्दी ही जांच आने वाली है। मामला लखनऊ से है तो माना जा रहा है कि जांच की आंच में कई भुन जायेंगे।

### विधायक जी के चौथे हवनकुंड का धुंआ कहां तक आयेगा इस लोकसभा में

नदियापार वाले अब लाईनपार वाले हो गये और राजनीति की कृपा उनपर अपरमपार हो रही है। उनके कॉम्पेटिटर अब इस बात का पता लगाने में जुटे हैं कि कृपा का धुंआ कहा से आ रहा है, और इसे कैसे रोका जाये। विरोधियों की अपनी व्यथा है, और विधायक जी की अपनी कथा है। वृंदावन से कथा शुरू हुई और अध्यक्षी वाला ताज आ गया है। इसके बाद कथा का हवन कुड जिस विधानसभा में रखा गया। उस विधानसभा में सारे दावेदारों की दावेदारी झंड करते हुए अध्यक्ष जी विधायक बन गये। फिर वो बद्रीनाथ पहुंचे और अब पड़ाव द्वारकाधीश डाल दिया है। जिसे प्रदेश वाले संगठन में पद चाहिए वो आहूतियां डाल रहा है और बाकी चेले स्वाहा कर रहे हैं। अब सियासत वाले अंदाजा लगा रहे हैं। इस चौथी कथा के हवनकुंड का धुंआ लोकसभा में कहां तक जायेगा।

## हापुड़ में उद्यमी के परिवार को करीब एक घंटे तक बंधक बनाया, घर से लाखों रुपये और जेवर की लूट

**हापुड़।** हापुड़ जिले में बदमाशों के हौसले बुलंद है। देहात थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मोहल्ला गिरधारीनगर में सोमवार रात करीब 12 बजे शहर के उद्यमी नरेंद्र अग्रवाल के घर में घुसे चार हथियारबंद बदमाशों ने लाखों के जेवर व नकदी लूट ली।



हापुड़ जिले के देहात थाना क्षेत्र में बदमाशों के हौसले बुलंद दिख रहे हैं। सोमवार रात करीब 12 बजे मोहल्ला गिरधारीनगर में एक बड़ी लूट की घटना हुई। शहर के उद्यमी नरेंद्र अग्रवाल के घर में चार हथियारबंद बदमाश घुस गए।

बदमाशों ने लाखों रुपये के जेवर और नकदी लूट ली। नरेंद्र अग्रवाल के पोते सिद्धांत रात में बाहर से घूमकर घर लौटे थे। इसी दौरान चार हथियारबंद बदमाश उनके पीछे-पीछे घर में अचानक घुस गए। बदमाशों ने घर में मौजूद चौकीदार को हथियारों के बल पर बंधक बना लिया।

उन्होंने उद्यमी नरेंद्र अग्रवाल, उनकी पत्नी और पोते सिद्धांत को भी बंधक बनाया। करीब एक घंटे तक घर में रहकर बदमाशों ने पूरे घर को खंगाल लिया। बदमाशों ने परिवार के लोगों को गोली मारने की धमकी भी दी थी। लूटपाट के बाद सभी बदमाश मौके से फरार होने में सफल रहे। परिवार के लोगों ने किसी तरह बंधनमुक्त होकर पुलिस को सूचना दी।

**पुलिस की जांच**

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। देर रात पुलिस अधीक्षक ज्ञानंजय सिंह तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिजनों से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी हासिल की। सुबह पुलिस महानिरीक्षक कलानिधि नेथानी ने भी मौके का मुआयना किया। पुलिस ने इस गंभीर घटना के खुलासे के लिए कई विशेष टीमें गठित की हैं।

**कार्रवाई का आश्वासन**

पुलिस अधीक्षक ज्ञानंजय सिंह ने जल्द ही घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी गहनता से खंगाल रही है। इस सनसनीखेज वारदात से पूरे इलाके में भय और दहशत का माहौल है।

## यूपी के रियल एस्टेट सेक्टर में उपलब्ध हैं 1.15 लाख फ्लैट व दुकानें

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने घर खरीदारों को सचेत कर कहा है कि रियल एस्टेट सेक्टर में फ्लैट और दुकानें पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं। इस समय विभिन्न प्रोजेक्टों में 1.15 लाख फ्लैट व दुकानें बिकने को उपलब्ध हैं।



ऐसे में किसी भी प्रकार के दबाव, भ्रामक प्रचार या तात्कालिक लाभ के प्रलोभन में आकर निवेश करने से बचना होगा। खरीदारों से अपील की है कि निवेश करने से पहले वो पूरी जांच पड़ताल कर लें। यूपी रेरा के पोर्टल पर भी प्रोजेक्ट के बारे में पूरी जानकारी उपलब्ध है। यूपी रेरा हर माह 10 से अधिक प्रोजेक्टों के पंजीकरण को अनुमति दे रहा है। जहां पर करोड़ रुपये के निवेश से सैकड़ों फ्लैट और दुकानों का निर्माण होगा। लगातार नए प्रोजेक्ट आने से रियल एस्टेट सेक्टर में फ्लैट व दुकानों की मांग बढ़ी है लेकिन प्रदेश में काफी बिल्डर व एजेंट भ्रामक जानकारी के साथ प्रोजेक्टों को बेच रहे हैं। भ्रामक प्रचार या तात्कालिक लाभ का प्रलोभन दिया जा रहा है। इसकी लगातार शिकायतें यूपी रेरा के पास पहुंच रही हैं। जिस पर यूपी रेरा ने एडवाइजरी जारी कर खरीदारों से सचेत रहने की अपील की है। यूपी रेरा ने सलाह देकर कहा है कि इस समय यूपी के रियल एस्टेट सेक्टर के बाजार में पर्याप्त संख्या में फ्लैट व दुकानें उपलब्ध हैं। इस समय 1.15 लाख से अधिक फ्लैट और दुकानें उपलब्ध है। इनमें से 55 प्रतिशत फ्लैट व दुकानें पश्चिम जोन में हैं, जो करीब 60 हजार है।

## पानी टैंकर से कार टकराई, कोई हताहत नहीं

**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह एक वैगनआर पौधे को पानी देने वाले प्राधिकरण के टैंकर से टकरा गई। उसके पीछे चल रहीं दो अन्य कार भी क्षतिग्रस्त हो गईं। हालांकि इसमें कोई गंभीर रूप से चोटिल नहीं हुआ। दिल्ली के रहने वाले अमित पवार अपनी वैगनआर कार से एक्सप्रेसवे होते हुए परीचौक की ओर जा रहे थे। अमित की तेज रफ्तार कार सेक्टर 93 के पास एक्सप्रेसवे पर पौधों को पानी देने वाले टैंकर से टकरा गई। उनके पीछे चल रहीं दो इको कार वैगनआर से जा भिड़ी। देखते ही देखते वाहनों की लंबी कतार लग गई। जानकारी होने पर यातायात और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।

## विशेष अभियान में जेवर व रबूपुरा क्षेत्र के 49 लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई

### कानून-व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस की सख्ती, आमजन से सहयोग की अपील

**जेवर में 22 और रबूपुरा में 27 लोगों पर हुई कार्रवाई**

**नोएडा (करंट क्राइम)।** पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब, हुक्का एवं अन्य मादक पदार्थों का सेवन करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए 49 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में थाना जेवर पुलिस ने 22 तथा थाना रबूपुरा पुलिस ने 27 लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की। ग्रेटर नोएडा में जनगणना 2027 कार्य में असहयोग पर 29 प्रागणकों के खिलाफ एफआईआर की तैयारी ये भी पढ़ें ग्रेटर नोएडा में जनगणना 2027 कार्य में असहयोग पर 29 प्रागणकों के खिलाफ एफआईआर की तैयारी पुलिस की इस सख्ती से खुलेआम मदिरापान करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन तथा डीसीपी एवं एडीसीपी ग्रेटर नोएडा के पर्यवेक्षण में एसीपी-4 ग्रेटर नोएडा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर शराब, हुक्का अथवा अन्य नशीले पदार्थों का सेवन कर रहे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।



ग्रेटर नोएडा में मोबाइल लूट और टप्पेबाजी की घटना से दहशत, पुलिस जांच में जुटी ये भी पढ़ें ग्रेटर नोएडा में मोबाइल लूट और टप्पेबाजी की घटना से दहशत, पुलिस जांच में जुटी पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब एवं हुक्का सेवन जैसी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत थाना जेवर और थाना रबूपुरा क्षेत्रों में चिन्हित स्थानों पर सघन चेकिंग एवं निगरानी की गई। इस दौरान पुलिस टीम ने आमजन से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थलों पर शराब, हुक्का अथवा अन्य मादक पदार्थों का सेवन न करें तथा लोक शांति और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सार्वजनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और कानून-व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए इस प्रकार के अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेंगे।




## अधिकारियों की रोज हो रही है अग्नि परीक्षा

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों अधिकारियों की अग्नि परीक्षा वाला माहौल चल रहा है। जिस तरीके से दिल्ली से सटे थाने वाले इलाके का मामला चल रहा है, उसपर सीधे देश की राजधानी, प्रदेश की और प्रमुख नेताओं और अधिकारियों की मॉनिटरिंग चल रही है। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में लगभग 38 डिग्री टेंपरेचर में पुलिस कमिश्नरेट से लेकर प्रशासन के वह अधिकारी भी ऑन रोड नजर आए और एक्टिव मोड में रहे, जो एक कार्यालय में नजर आते हैं। वहीं अधिकारियों की इस पूरे हाई प्रोफाइल मामले को लेकर वर्किंग का स्टाइल भी बदला हुआ नजर आ रहा है। जिस तरीके से युवक की हत्या और फिर हत्या आरोपियों पर एक्शन वाला माहौल बना है, उसके बाद पूरे मामले पर बड़े स्तर पर पक्ष और विपक्ष की राजनीति शुरू हो गई है।



सबसे बड़ी बात यह है कि विपक्ष वाले नेता भी कुछ समझ नहीं पा रहे हैं। तो पक्ष वालों ने पूरा माहौल बना रखा है। सोशल मीडिया से लेकर पुलिस के एक्शन की तारीफ हो रही है। तो थाना प्रभारी से लेकर इलाके वाले साहब और सर्किल वाले साहब का नाम चर्चा में बना हुआ है। कुल मिलाकर जिस तरीके से इलाके के हालात हैं, ऐसे में कहा जाए तो अधिकारियों की अपनी परीक्षा से कम वाला सीन नहीं है। सघन आबादी वाला इलाका है, तो दोनों ही समुदाय बड़ी संख्या में निवास करते हैं। छोटी सी आवाज और हरकत माहौल बदल सकती है लेकिन जिस तरीके से पूरे इलाके को छावनी में तब्दील किया गया है, उसके बाद हलचल बिल्कुल बदल सी गई है। रोजाना लंबी-लंबी बड़ी-बड़ी गाड़ियों के काफिले इलाके में एंट्री ले रहे हैं। तो पुलिस के जवानों के बूट, डंडों की आवाज और अधिकारियों की गाड़ियों का सायरन पूरे इलाके में गूंज रहा है। हालात फिलहाल सामान्य हैं, लेकिन जिस तरीके से पहले फुल एनकाउंटर, फिर नोटिस चस्पा और अब इलाके में बुलडोजर की एंट्री वाला सीन हुआ है, उससे पूरा सीन बदला हुआ है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के शीर्ष पुलिस अधिकारी इस पूरे घटनाक्रम में रोजाना इलाके में एंट्री ले रहे हैं। हर छोटी बड़ी बात की मॉनिटरिंग हो रही है और डीसीप- एसीपी राउंडअप में लगे हुए हैं। जो इलाके को अब तक शांतिपूर्ण माहौल में संभाले हुए हैं। कुल मिलाकर यह कहना अभी मुश्किल होगा कि यह मामला कब तक शांत होगा और इस मामले को लेकर आने वाले दिनों में क्या लखनऊ वाले किसी बड़े फेस की एंट्री का भी सीन तो नहीं बनने वाला है। हालांकि गुप्तचर वाले भी रोजाना रिपोर्ट लेकर भेज रहे हैं, पर अलर्टनेस अभी लंबे समय तक जारी रहेगी।

## नहीं थम रहा बिजली कटौती का सिलसिला, उपभोक्ता परेशान

**नोएडा।** निगम की ओर से करोड़ों खर्च करने के बाद भी बिजली आपूर्ति सुधर नहीं रही। बिजली का ढांचा इतना मजबूत नहीं है कि साढ़े चार लाख उपभोक्ताओं को बिजली उपलब्ध करा सके। हर दिन सेक्टरों में तीन से छह घंटे तक कटौती हो रही है। साल 2026-27 में सवा सौ करोड़ रुपये की लागत से तमाम काम कराए जाने हैं। स्काडा के अंतर्गत भी करोड़ों की लागत से ढांचे को मजबूत करना है।



शहर में नए उपकेंद्र, पावर ट्रांसफार्मर, क्षमता वृद्धि जैसे कई काम बीते समय में कराए गए हैं। इसके बाद भी कटौती कम नहीं हो रही। मंगलवार को भी कटौती का सिलसिला बरकरार रहा। सेक्टर 20 के रहने वाली अग्रिमा सिंह ने बताया दोपहर के समय बिजली दो घंटे नहीं रही। रोजाना ऐसे ही कटौती की जा रही है। सेक्टर 76 के रहने वाले विशाल त्यागी ने बताया कि बार-बार कटौती की जाती है। अधीक्षण अभियंता तकनीकी विवेक कुमार ने बताया व्यवस्था सुधारने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। जिन जगहों पर दिक्कत हो रही है वहां ज्यादा कार्य किया जा रहा है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर रकम लेने का आरोप

**नोएडा।** नौकरी दिलाने के नाम पर युवकों से पैसे वसूलने के आरोप से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक कंपनी पर बेरोजगार युवाओं से नौकरी का झांसा देकर पैसे लेने का आरोप लगा रहा है। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।



पुलिस जल्द ही संबंधित कंपनी के प्रबंधन से पूछताछ करने की बात कह रहे हैं। घटना का करीब चार मिनट का जो वीडियो वायरल हुआ है उसमें एक युवक दावा करता है कि संबंधित कंपनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नौकरी के विज्ञापन जारी करती है। विज्ञापन देखकर आवेदन करने वाले युवाओं को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है। इंटरव्यू प्रक्रिया पूरी होने के बाद कंपनी के कर्मचारी अभ्यर्थियों को नौकरी दिलाने का भरोसा देते हैं और उनसे 6 हजार 600 रुपये जमा कराते हैं। यह वीडियो सेक्टर-3 का बताया जा रहा है।

## पेपर लीक, बेरोजगारी और महंगाई पर सपा का हल्लाबोल

**हापुड़।** महंगाई, पेपर लीक, बेरोजगारी समेत अनेक समस्याओं के विरोध में सोमवार को सपा कार्यकताओं ने जिला कार्यालय से जुलूस निकाला। बैलगाड़ी पर सवार होकर कार्यकताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। तहसील चौराहे पर पुलिस ने बुग्गी रोक दी। इस बीच कार्यकताओं और पुलिसकर्मियों में कड़ी नोकझोंक भी हुई। कई कार्यकताओं को पुलिस उठाकर कोतवाली ले गई। विरोध में कार्यकताओं ने जिला मुख्यालय पर भी प्रदर्शन किया।



सपा के जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर ने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चर्म पर है। देश की जनता त्राहि त्राहि कर रही है, सरकारी संस्थाओं को कमजोर कर निजीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस कारण गरीब, मजदूर, मध्यम वर्ग के लोगों को अपने बच्चों की शिक्षा ग्रहण कराना कठिन हो रहा है।

सपा छात्रसभा के जिलाध्यक्ष रविंद्र यादव ने कहा कि कहा कि इस सरकार में युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। रोजगार से संबंधित परीक्षाओं से लेकर नीट जैसी परीक्षाओं के पेपर लगातार लीक हो रहे हैं। आवाज उठाने वाले कोचिंग सेंटर पर ताला लगाया जा रहा है। यह सरकार की तानाशाही है।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश उद्योग मंच के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता, व्यापार मंडल के प्रशिक्षण शिविर में मौजूद रहे। संजीव गुप्ता का एक अंदाज ये है कि वो भले ही देश के किसी मंच पर रहें, विदेश में रहें मगर वो कभी भी अपना शहर, अपनी संस्कृति नहीं भूलते। अपनी हर उपलब्धि को वो अपने शहर के साथ साझा करते हैं। व्यापार मंडल के इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता को उन्होंने अपने फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंच के प्रदेश अध्यक्ष संजीव गुप्ता की ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# दो देशों के बीच ड्रग्स तस्करी के लिए खोदी सुरंग, लिफ्ट से लेकर रेल तक की सुविधा; 427 करोड़ की कोकीन जब्त

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी जांच एजेंसियों ने मेक्सिको से कैलिफोर्निया तक फैले एक गुप्त भूमिगत तस्करी नेटवर्क का पदार्फाश करते हुए एक टन से अधिक कोकीन बरामद की है, जिसकी कीमत सैकड़ों करोड़ रुपये आंकी गई है। कई महीनों की निगरानी के बाद अधिकारियों को एक कथित रिटेल स्टोर के नीचे बनी अत्याधुनिक सुरंग का पता चला, जिसमें बिजली, वेंटिलेशन और माल ढुलाई की सुविधाएं मौजूद थीं। अमेरिकी संघीय जांच एजेंसियों ने मेक्सिको से दक्षिणी कैलिफोर्निया तक फैली एक अत्याधुनिक भूमिगत सुरंग का भंडाफोड़ किया है। इसके साथ ही करीब 427 करोड़ रुपये की एक टन से अधिक कोकीन भी जब्त की है। अधिकारियों ने इसे एक शक्तिशाली मैक्सिकन ड्रग कार्टेल के खिलाफ बड़ी कार्रवाई बताया है। कई महीनों तक चली निगरानी के बाद इस गुप्त तस्करी मार्ग का खुलासा हुआ, जो अमेरिका-मेक्सिको सीमा के पास स्थित एक कथित खुदरा स्टोर के नीचे से होकर गुजरता था। इस मामले में चार लोगों पर मादक पदार्थों की तस्करी समेत अन्य आरोप लगाए गए हैं।



## भारी-भरकम सूटकेसों की आवाजाही ने बढ़ाया शक

अमेरिकी अटॉर्नी एडम गॉर्डन ने कहा, इन आरोपियों के लिए सुरंग के आखिर में रोशनी नहीं थी, बल्कि पुलिस की लाइटें और सायरन थे। यह जांच होमलैंड सिक्योरिटी टास्क फोर्स ने दिसंबर 2025 से मई 2026 के बीच की। एजेंसियों ने पाया कि ₹बाय 4 लेस₹ नामक व्यवसाय में ग्राहकों की आवाजाही बेहद कम थी और उसकी गतिविधियां सामान्य खुदरा कारोबार से मेल नहीं खाती थीं।

## रिटेल स्टोर के नीचे बनाई थी सुरंग

यह भूमिगत सुरंग मेक्सिको के तिजुआना शहर से कैलिफोर्निया के ओटे मेसा पोर्ट ऑफ एंट्री के पास स्थित ₹बाय 4 लेस₹ नामक कथित स्टोर तक जाती थी। संघीय अधिकारियों के अनुसार, सुरंग की लंबाई करीब 1,933 फीट थी और यह जमीन से लगभग 55 फीट नीचे बनाई गई थी। इसमें मजबूत दीवारें, बिजली, वेंटिलेशन सिस्टम और रेल नेटवर्क भी मौजूद था। इस मामले में सैन डिएगो निवासी ग्रेगोरियो एपिफानियो हर्नांडेज लोपेज, मेक्सिको के ब्रैंडन एस्कालांते सैंडोवल, सैन डिएगो के जोस जिमेनेज और मेक्सिको के एंटोनियो कॉर्टेज पर आरोप लगाए गए हैं। हर्नांडेज लोपेज पर सीमा पार सुरंग के इस्तेमाल की साजिश और नियंत्रित पदार्थों के आयात की साजिश का आरोप है। वहीं, चारों आरोपियों पर नियंत्रित पदार्थों के वितरण की साजिश का मामला दर्ज किया गया है।

जांचकताओं ने हर्नांडेज और अन्य लोगों को कई बार बड़े सूटकेस परिसर से बाहर ले जाते और अन्य संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होते देखा। तलाशी के दौरान अधिकारियों को 851 पैकेट मिले, जिनमें मौजूद पदार्थ की जांच में कोकीन होने की पुष्टि हुई। जब्त खेप में एक ट्रक से 286.2 किलोग्राम, दूसरे ट्रक से 469.4 किलोग्राम और एक वैन से 274 किलोग्राम कोकीन बरामद हुई। कुल मिलाकर लगभग 1,029.6 किलोग्राम से अधिक कोकीन जब्त की गई।

**ड्रग्स कार्टेल के लिए बड़ा झटका:** होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टिगेशंस (एचएसआई) सैन डिएगो के कार्यवाहक विशेष एजेंट प्रभारी केविन मर्फी ने कहा, ₹यह कार्रवाई जलिस्को न्यू जेनरेशन कार्टेल के लिए बड़ा झटका है। इस अत्याधुनिक सीमा-पार सुरंग का पता लगना और एक टन से अधिक कोकीन की बरामदगी एचएसआई और उसके साझेदारों की प्रतिबद्धता और समन्वय को दर्शाती है। स्टोर के अंदर जांचकताओं को एक भंडारण कक्ष के फर्श के नीचे सुरंग का निकास मिला। अधिकारियों के अनुसार, सुरंग तक पहुंचने के लिए एक अत्याधुनिक हाइड्रोलिक लिफ्ट का इस्तेमाल किया जाता था।

# अमेरिकाः अवैध तरीके से ट्रक चलाने वाले 30 भारतीय गिरफ्तार, जल्द होगा निर्वासन

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में आव्रजन कानूनों के तहत चलाए गए एक विशेष अभियान में अवैध रूप से रह रहे 52 लोगों को हिरासत में लिया गया, जिनमें 36 वाणिज्यिक ट्रक चालक थे। इनमें लगभग 30 भारतीय नागरिक शामिल बताए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार कई लोगों के कार्य अनुमति दस्तावेज समाप्त हो चुके थे, जबकि कुछ के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं थे।

अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे और व्यावसायिक ट्रक चलाने वाले लगभग 30 भारतीयों को एक संघीय अभियान के तहत गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने कहा है कि इन सभी को जल्द ही देश से निर्वासित किया जाएगा। अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा एजेंसी ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि 11 से 15 मई के बीच एरिजोना के युमा सेक्टर में चलाए गए 'ऑपरेशन चेकमेट' के दौरान सीमा गश्ती एजेंटों ने 52 लोगों को गिरफ्तार किया, जो अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे थे। गिरफ्तार किए गए 36 अवैध ट्रक चालकों में 30 भारतीय नागरिक थे। अधिकारियों के अनुसार, इन लोगों के पास कैलिफोर्निया, न्यूयॉर्क, वॉशिंगटन और वर्जीनिया जैसे राज्यों से जारी वाणिज्यिक ड्राइविंग लाइसेंस थे, जबकि कुछ के पास किसी भी प्रकार का ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था।

## ऑपरेशन चेकमेट के तहत कार्रवाई




**दस्तावेजों की वैधता हो चुकी थी खत्मः** एजेंसी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ज्यादातर लोगों के पास रोजगार प्राधिकरण दस्तावेज थे, जो पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में हासिल किए गए थे, लेकिन अब उनकी वैधता समाप्त हो चुकी थी। सीबीपी ने कहा कि सभी गिरफ्तार व्यक्तियों के खिलाफ संघीय कानून के तहत कार्रवाई की गई है और उन्हें निर्वासित किया जाएगा। 'ऑपरेशन चेकमेट' का उद्देश्य आव्रजन कानूनों को लागू करते हुए देश में वाणिज्यिक मोटर वाहन चला रहे अवैध व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करना तथा सार्वजनिक सुरक्षा को मजबूत करना है।

अमेरिकी सीमा गश्ती बल के युमा सेक्टर के कार्यवाहक प्रमुख एजेंट डस्टिन कॉडल ने कहा, ऑपरेशन चेकमेट हमारी उस प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जिसके तहत हम समुदायों और सड़कों को ऐसे अवैध चालकों से सुरक्षित रखना चाहते हैं, जो सार्वजनिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं।

# हंतावायरस के संपर्क में आए पांच अमेरिकी यात्री पहुंचे घर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रीय क्वारंटाइन सुविधा में हंतावायरस के संपर्क में आने के बाद से रह रहे 18 अमेरिकी क्रूज जहाज यात्रियों में से पांच अपने घर लौट गए हैं। अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि ये पांचों व्यक्ति अब घर पर ही अपनी निगरानी पूरी करेंगे। वे अब तक हंतावायरस के लक्षणों से मुक्त रहे हैं और यूनिवर्सिटी ऑफ नेब्रास्का मेडिकल सेंटर की क्वारंटाइन इकाई के बाहर निगरानी के मानदंडों को पूरा करते हैं।

यह सभी यात्री लगभग तीन सप्ताह पहले नेब्रास्का पहुंचे थे। यह घटना दक्षिण अटलांटिक महासागर में यात्रा कर रहे एक क्रूज जहाज पर हंतावायरस के घातक प्रकोप के बाद हुई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, जहाज से जुड़े कुल 13 पुष्ट या संभावित हंतावायरस मामले सामने



आए हैं, जिनमें तीन मौतें भी शामिल हैं।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि अमेरिका में एंडीज वायरस का कोई मामला अभी तक पुष्ट नहीं हुआ है, और आम जनता के लिए जोखिम कम बना हुआ है। नेब्रास्का मेडिसिन के एक प्रवक्ता ने सोमवार को कहा कि अमेरिका से यात्रा करने वाले किसी भी यात्री में हंतावायरस के लक्षण नहीं दिखे हैं। पिछली महामारियों में हंतावायरस के लक्षण दिखने में 42 दिनों तक का समय लगा है, लेकिन कुछ चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि अधिकांश लोग 21 दिनों के भीतर लक्षण विकसित कर लेते हैं।

# जापान में जांगमी तूफान का कहरः नौ लोग घायल; 300 से ज्यादा उड़ानें रद्द

## 47 हजार से अधिक घरों की बिजली गुल

**टोक्यो।** जापान में उष्णकटिबंधीय तूफान जांगमी के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। तेज हवाओं और भारी बारिश से कई लोग घायल हुए हैं, हजारों घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हुई है और सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। आइए विस्तार से जानते हैं।

जापान में उष्णकटिबंधीय तूफान जांगमी (टाइफून नंबर-6) के प्रभाव से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। मंगलवार दोपहर तक तूफान से जुड़ी घटनाओं में नौ लोग घायल हो गए, जबकि ओकिनावा और कागोशिमा प्रांतों में 47 हजार से अधिक घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, मंगलवार सुबह 11:45 बजे तक जांगमी कागोशिमा प्रांत के याकूशिमा द्वीप से लगभग 140 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित था और 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पूर्व दिशा में बढ़ रहा



था। तूफान का केंद्रीय दबाव 975 हेक्टोपास्कल दर्ज किया गया, जबकि केंद्र के निकट हवाओं की गति 25 मीटर प्रति सेकंड तक पहुंच रही थी।

मुख्य कैबिनेट सचिव मिनोरू किहारा ने बताया कि मंगलवार सुबह तक कागोशिमा और ओकिनावा में छह घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। कई स्थानों पर जलभराव, पेड़ गिरने और तेज हवाओं के कारण वस्तुओं के उड़ने की घटनाएं सामने आई हैं। घायल हुए सभी नौ लोगों को मामूली चोटें आई हैं।

**तूफान के कारण 47000 से ज्यादा घरों की बिजली ठप**

तूफान के कारण दोनों प्रांतों में करीब 47,930 घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। परिवहन सेवाओं पर भी व्यापक असर पड़ा है। एहतियातन दो एक्सप्रेसवे मार्गों के 15 खंड बंद कर दिए गए हैं, जबकि एक रेल लाइन पर सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। इसके अलावा, छह अन्य रेल ऑपरेटरों ने 19 रेल लाइनों पर सेवाएं रोकने की योजना बनाई है।

खराब मौसम के चलते मुख्य रूप से क्यूशू क्षेत्र से आने-जाने वाली 300 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। समुद्री परिवहन भी प्रभावित हुआ है और किंकी, शिकोकू, क्यूशू व ओकिनावा क्षेत्रों में 57 कंपनियों के 64 नौवहन मार्गों पर सेवाएं स्थगित कर दी गई हैं।

**राहत और बचाव कार्य तेज**

सरकार ने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर राहत और बचाव कार्य तेज कर दिए हैं। किहारा ने चेतावनी दी कि बुधवार सुबह से टोक्यो महानगरीय क्षेत्र में भी परिवहन सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। उन्होंने लोगों से स्थानीय प्रशासन के निकासी निदेशों का पालन करने और समय रहते सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की।

**मौसम एजेंसी ने जारी की चेतावनीः** मौसम एजेंसी ने तेज हवाओं, ऊंची समुद्री लहरों, तूफानी ज्वार, भूस्खलन, बाढ़ और नदियों के उफान की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार, जांगमी मंगलवार को दक्षिणी क्यूशू के करीब पहुंच सकता है और बुधवार को होंशू के दक्षिणी तट के साथ उत्तर-पूर्व दिशा में बढ़ते हुए शिकोकू व कांतो क्षेत्रों के निकट पहुंचने की संभावना है।

# शंघाई में भारतीय राजदूत और चीनी अधिकारी ने संस्कृति और पर्यटन संबंधों को बढ़ावा देने की योजनाओं पर की चर्चा

**शंघाइ।** शंघाई में भारत के महावाणिज्यदूत प्रतीक माथुर ने पूर्वी चीन में लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने के प्रयासों के तहत सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ाने और पर्यटन को बढ़ावा देने पर एक चीनी सांस्कृतिक अधिकारी के साथ चर्चा की।



शंघाई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा मंगलवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, माथुर ने पूर्वी चीन में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को और मजबूत करने तथा दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और प्रवासी संबंधों को गहरा करने के चल रहे प्रयासों के तहत फ्रेंड्स ऑफ इंडिया के विभिन्न वर्गों के लोगों के साथ बातचीत की।

सोमवार को हुई मुलाकातों के दौरान, माथुर ने गुओयुन अमूर्त सांस्कृतिक विरासत केंद्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी झांग जियाक्सिंग से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ाने, आपसी समझ को बढ़ावा देने और 'अतुल्य भारत' अभियान के तहत भारत में पर्यटकों के प्रवाह को प्रोत्साहित करने के तरीकों पर चर्चा की। विज्ञप्ति में कहा गया है कि उन्होंने द्विपक्षीय जन-जन संबंधों को मजबूत करने के लिए एक सेतु के रूप में पारंपरिक सांस्कृतिक विरासत का लाभ उठाने के महत्व पर भी जोर दिया।

# 'अवैध रूप से ट्रांसजेंडर सैनिकों को प्रतिबंधित किया'

## अदालत का बड़ा फैसला, क्या ट्रंप सरकार के लिए झटका

**वॉशिंगटन।** ट्रंप प्रशासन द्वारा ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की सैन्य सेवा पर लगाए गए प्रतिबंध को अमेरिकी संघीय अपील अदालत के बहुमत ने कानूनी रूप से संदिग्ध माना है। अदालत ने निचली अदालत के उस निष्कर्ष को काफी हद तक बरकरार रखा, जिसमें कहा गया था कि यह नीति समान अधिकारों और संवैधानिक सुरक्षा के सिद्धांतों से टकरा सकती है। हालांकि, अपील अदालत ने राहत का दायरा सीमित करते हुए इसे केवल मौजूदा ट्रांसजेंडर सैन्यकर्मियों तक रखा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की वह नीति, जिसके तहत ट्रांसजेंडर सैनिकों को सैन्य सेवा से बाहर रखा गया था, अवैध है। संघीय अपील अदालत के न्यायाधीशों के एक विभाजित पैनल ने सोमवार को यह फैसला सुनाया।

अमेरिकी अपील अदालत के डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया सर्किट के



तीन न्यायाधीशों के पैनल के बहुमत वाले फैसले में मार्च 2025 में वॉशिंगटन डीसी की अमेरिकी जिला न्यायाधीश एना रेयेस के फैसले को बड़े पैमाने पर बरकरार रखा गया।

**वॉशिंगटन डीसी की कोर्ट ने क्या सुनाया था फैसला?**

रेयेस ने अपने फैसले में कहा था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ट्रांसजेंडर सैनिकों को सैन्य सेवा से बाहर करने संबंधी कार्यकारी आदेश संभवतः उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। रेयेस द्वारा छह सक्रिय ट्रांसजेंडर सैन्यकर्मियों और सेना में शामिल होने की इच्छा रखने वाले दो अन्य लोगों की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक निषेधाज्ञा जारी किए जाने के बाद प्रशासन ने इसके खिलाफ अपील की थी। अपील अदालत के बहुमत ने फैसला दिया कि निषेधाज्ञा का दायरा सीमित किया जाए और यह केवल उन वादियों पर लागू हो जो वर्तमान में सेना में सेवा दे रहे हैं। सेना में शामिल होने की कोशिश कर रहे लोगों को इसमें शामिल नहीं किया गया। यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू नहीं होगा, जिससे ट्रंप प्रशासन को पूरे अपील न्यायालय से मामले की सुनवाई कराने का अनुरोध करने के लिए समय मिल जाएगा।

## अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट दे चुका है ट्रांसजेंडर सैन्य प्रतिबंध को लागू रहने की अनुमति

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट पिछले वर्ष ट्रांसजेंडर सैन्य प्रतिबंध को लागू रहने की अनुमति दे चुका है, जबकि इस मामले से जुड़ी कानूनी प्रक्रिया अभी जारी है। इस प्रतिबंध को चुनौती देने वाला एक अन्य मुकदमा वॉशिंगटन राज्य में भी दायर किया गया था, जिसमें अदालत ने नीति को चुनौती देने वाले वादियों के पक्ष में फैसला सुनाया था। जनवरी 2025 में ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें कहा गया था कि ट्रांसजेंडर सैन्यकर्मियों की यौन पहचान 'एक सैनिक की सम्मानजनक, सत्यनिष्ठ और अनुशासित जीवनशैली के प्रति प्रतिबद्धता से टकराती है, यहां तक कि उसके निजी जीवन में भी' और यह सैन्य तैयारियों के लिए हानिकारक है।

# हिंदूफोबिया और मंदिरों पर हमलों की निंदा का प्रस्ताव

## भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने किया समर्थन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की प्रतिनिधि सभा में हिंदू-अमेरिकी समुदाय के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक योगदान को मान्यता देने वाले प्रस्ताव का अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने भी किया। इसे डेमोक्रेट सांसद श्री थानेदार ने पेश किया था। प्रस्ताव में हिंदू समुदाय के खिलाफ बढ़ते पूर्वाग्रह, भेदभाव, घृणा अपराधों और मंदिरों पर हमलों की निंदा की गई है।

अमेरिका के एक प्रमुख सांसद ने प्रतिनिधि सभा के उस प्रस्ताव का समर्थन किया है, जिसमें हिंदू-अमेरिकी समुदाय के देश की अर्थव्यवस्था में योगदान का सम्मान किया गया है। इसके साथ ही हिंदूफोबिया, हिंदू विरोधी पूर्वाग्रह और मंदिरों पर हमलों की निंदा की गई है। इस प्रस्ताव का समर्थन सोमवार को डेमोक्रेट सांसद रो खन्ना ने किया। इसे मिशिगन से भारतीय मूल के डेमोक्रेट सांसद श्री थानेदार ने पेश किया था।

24 जनवरी 2025 को पेश किए गए इस प्रस्ताव को अब तक 32 सांसदों का समर्थन मिल चुका है। इनमें राजा कृष्णमूर्ति और सुहास सुब्रमण्यम भी शामिल हैं। कैलिफोर्निया का प्रतिनिधित्व करने वाले डेमोक्रेट सांसद रो खन्ना ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस प्रस्ताव के समर्थन की घोषणा की।

**प्रस्ताव को लेकर क्या बोले रो खन्ना?**

रो खन्ना ने अपनी पोस्ट में कहा, 'मुझे सांसद श्री थानेदार के विधेयक H.Res.69 का सह-प्रायोजक बनने पर गर्व है। यह प्रस्ताव अमेरिका में हिंदू-अमेरिकी समुदाय के निरंतर योगदान और उसकी जीवंत विविधता का सम्मान करता है, जबकि हम अपने देश के बहुजातीय लोकतंत्र को और मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं। प्रस्ताव में कहा गया है कि हिंदू धर्म दुनिया के सबसे बड़े और सबसे प्राचीन धर्मों में से एक है, जिसके 100 से



अधिक देशों में 1.2 अरब से ज्यादा अनुयायी हैं।

इसमें जिक्र किया गया है कि हिंदू धर्म विभिन्न परंपराओं और आस्था प्रणालियों का समूह है, जो स्वीकार्यता, पारस्परिक सम्मान और शांति जैसे सार्वभौमिक मूल्यों को बढ़ावा देता है।

**अमेरिका ने 40 लाख से ज्यादा हिंदुओं का किया स्वागतः** प्रस्ताव के अनुसार, 1900 के दशक से अमेरिका ने दुनिया भर से 40 लाख से अधिक हिंदुओं का स्वागत किया है, जो विभिन्न नस्लीय, भाषाई और जातीय पृष्ठभूमियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसमें कहा गया है कि हिंदू-अमेरिकियों के योगदान से अमेरिका को उसकी अर्थव्यवस्था और लगभग हर उद्योग क्षेत्र में लाभ मिला है। वहीं, हिंदू परंपराओं और प्रथाओं ने दर्शन, आयुर्वेद, कला, संगीत, नृत्य, फैशन, ध्यान, योग और सामुदायिक सेवा के माध्यम से अमेरिकी समाज को समृद्ध बनाया है।

**हिंदूफोबिया समेत इन मामलों की निंदाः** अमेरिका में बढ़ते हिंदूफोबिया, हिंदू विरोधी पूर्वाग्रह, नफरत और असहिष्णुता की निंदा करते हुए प्रस्ताव में कहा गया है कि सकारात्मक योगदान के बावजूद हिंदू-अमेरिकियों को उनकी विरासत और प्रतीकों को लेकर रूढ़िवादी धारणाओं तथा भ्रामक सूचनाओं का सामना करना पड़ता है।

## सैनिकों की कमी से जूझ रहे इस्राइल में बवाल

# सैन्य भर्ती के खिलाफ कट्टरपंथी यहूदी सड़कों पर उतरे, हिंसा-आगजनी

**तेल अवीव।** बीते लंबे समय से युद्धों में फंसे इस्राइल की सेना अब सैनिकों की कमी से जूझ रही है और इसे लेकर कई विशेषज्ञ चिंता जता चुके हैं। हालांकि समस्या का हल निकालने के बजाय इस्राइली की जनता आपस में ही भिड़ गई है। दरअसल हजारों कट्टरपंथी यहूदियों ने सैन्य भर्ती के खिलाफ देशभर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। आइए जानते हैं कि क्या है ये पूरा मामला और इसके पीछे का विवाद

इस्राइल में अनिवार्य सैन्य भर्ती के विरोध में सोमवार को हजारों अति-रूढ़िवादी (अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स) यहूदियों ने देशभर में प्रदर्शन किया। जिससे हिंसा और बवाल की स्थिति बन गई। प्रदर्शनकारियों ने प्रमुख सड़कों और रेल मार्गों को अवरुद्ध कर दिया तथा कई स्थानों पर वाहनों में आग लगा दी, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। इस्राइली पुलिस के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने कई प्रमुख चौराहों को जाम कर दिया और एक स्थान पर बस से उतरे एक सैनिक पर भी हमला





किया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को वाटर कैनन और घुड़सवार बल का सहारा लेना पड़ा।

**विरोध प्रदर्शन के चलते इस्राइल में यातायात थमाः** विरोध प्रदर्शन के कारण यरुशलम और तेल अवीव महानगरीय क्षेत्र समेत देश के मध्य हिस्से में यातायात व्यवस्था लगभग ठप हो गई। कई राजमार्ग बंद कर दिए गए और सार्वजनिक परिवहन सेवाएं बाधित रहीं। इस्राइल में अधिकांश यहूदी पुरुषों और महिलाओं के लिए सैन्य सेवा अनिवार्य है। हालांकि, राजनीतिक रूप से प्रभावशाली अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स समुदाय को लंबे समय से धार्मिक शिक्षण संस्थानों में अध्ययन के आधार पर सैन्य सेवा से छूट मिलती रही है। अब इस छूट पर खतरा मंडरा रहा है।

**आम नागरिक कट्टरपंथी यहूदियों को मिली छूट से नाराज**

कई आम इस्राइली नागरिक इस व्यवस्था से नाराज हैं, क्योंकि लगातार सैन्य अभियानों के चलते इस्राइली सेना सैनिकों की कमी से जूझ रही है, जिससे सेना पर दबाव बढ़ रहा है। यही मुद्दा प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार के लिए भी संकट बन गया है। अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स दलों द्वारा समर्थन वापस लेने के बाद समय से पहले चुनाव की आशंका भी बढ़ गई है। इस्राइल की आबादी का लगभग 13 प्रतिशत हिस्सा अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स समुदाय का है और यह देश का सबसे तेजी से बढ़ता जनसमूह माना जाता है। 1948 में इस्राइल की स्थापना के समय से ही धार्मिक अध्ययन करने वाले छात्रों को सैन्य सेवा से छूट दी जाती रही है। इन छूटों और धार्मिक शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों को 26 वर्ष की आयु तक मिलने वाली सरकारी आर्थिक सहायता को लेकर लंबे समय से विवाद बना हुआ है। वर्तमान में इस्राइल गाजा, लेबनान और सीरिया में सैन्य मौजूदगी बनाए हुए है, जबकि ईरान के साथ संघर्ष की स्थिति ने भी सेना पर अतिरिक्त दबाव डाला है।

### क्या कहते हैं आंकड़े?

संसदीय समिति के आंकड़ों के अनुसार, हर साल करीब 13,000 अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स युवा 18 वर्ष की भर्ती आयु तक पहुंचते हैं, लेकिन इनमें से 10 प्रतिशत से भी कम सेना में शामिल होते हैं। सैनिकों की भारी कमी से जूझ रही इस्राइली सेना अनिवार्य सैन्य सेवा की अवधि बढ़ाने पर विचार कर रही है। वर्तमान में अधिकांश यहूदी पुरुषों को लगभग तीन वर्ष और महिलाओं को दो वर्ष की अनिवार्य सैन्य सेवा देनी होती है, जिसके बाद रिजर्व ड्यूटी भी करनी पड़ती है।

### कट्टरपंथी यहूदी प्रदर्शनकारी बोले- ये उनके अस्तित्व की लड़ाई

यरुशलम में प्रदर्शनकारी इजराइल ट्रॉपर ने कहा, 'यह समुदाय इसे अपने अस्तित्व की लड़ाई मानता है। सेना में शामिल होने का मतलब धर्म से समझौता करना है। हम अपना धर्म नहीं छोड़ना चाहते, इसलिए यह हमारे लिए जीवन-मरण का सवाल है।'

# 'ट्रंप प्रशासन की लापरवाही से ताकतवर हो सकती है चीनी सेना'

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के सांसदों ने अपनी ही सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि ट्रंप सरकार ने निर्यात नियंत्रण संबंधी नियमों में लापरवाही बरती, जिससे अत्याधुनिक एआई चिप चीन तक पहुंचने का खतरा है। इससे चीन अपनी सेना को मजबूत बना सकता है। आइए जानते हैं कि रिपोर्ट में और क्या क्या है।

अमेरिका के दो वरिष्ठ डेमोक्रेटिक सीनेटरों ने ट्रंप प्रशासन पर निर्यात नियंत्रण नियमों में खामी छोड़ने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इस चूक के कारण अमेरिका की अत्याधुनिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) चिप्स चीनी कंपनियों तक पहुंच सकती हैं, जिससे चीन की सैन्य क्षमताओं को बढ़ावा मिलने की आशंका है। मैसाचुसेट्स की सीनेटर एलिजाबेथ वॉरेन और न्यू जर्सी के सीनेटर एंडी किम ने कहा कि पिछले 18 महीनों में निर्यात नियंत्रण नियमों को अपडेट न करने के कारण उन्नत अमेरिकी तकनीक अनजाने में चीन स्थित कंपनियों तक पहुंच सकती है।

**ट्रंप प्रशासन ने डेढ़ साल से निर्यात नियंत्रण नियमों को नहीं किया लागू**



दोनों सांसदों ने संयुक्त बयान में कहा, 'ट्रंप प्रशासन ने पिछले डेढ़ साल में निर्यात नियंत्रण नियमों को अपडेट नहीं किया, जिससे अमेरिका की सबसे उन्नत अक चिप्स उन कंपनियों तक पहुंच सकती हैं, जिनके मुख्यालय चीन में मौजूद हैं और इससे चीन की सैन्य शक्ति को बढ़ावा मिल सकता है।' यह बयान अमेरिकी वाणिज्य विभाग द्वारा निर्यात प्रतिबंधों में मौजूद एक संभावित खामी को दूर करने के कदम के बाद आया है। यह खामी उन उन्नत अक प्रोसेसरों से जुड़ी थी, जिनका निर्माण एनवीडिया और एएमडी जैसी कंपनियां करती हैं। वाणिज्य विभाग के ब्यूरो ऑफ इंडस्ट्री एंड सिक्योरिटी ने साफ किया है कि चीन मुख्यालय वाली कंपनियों को निर्यात किए जाने वाले उन्नत चिप्स पर लाइसेंस संबंधी शर्तें लागू होंगी, भले ही वे कंपनियां विदेशों में स्थित अपनी सहायक इकाइयों के माध्यम से काम कर रही हों।

अमेरिकी अधिकारियों को आशंका थी कि चीन की कुछ कंपनियां विदेशों में मौजूद अपनी सहयोगी इकाइयों के जरिए उन्नत सेमीकंडक्टर हासिल कर रही थीं, जबकि अमेरिका लंबे समय से चीन की अत्याधुनिक अक तकनीक तक पहुंच रोकने की कोशिश कर रहा है।

**Lost and Found**

I Arun Jyoti singh R/O S.G.-43-Shastri Nagar Ghaziabad Diclared. I have lost my L.L.B. marksheet and degree certificates. year of passing 1981, Divison Second. Roll no. K-196023. Enrollment no.7012933. Meerut university, Meerut.

**Arun Jyoti singh.**

03 June -26 page 8 02-06-2026 10:13 PM Page 1



गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# नगर आयुक्त की जनसुनवाई का असर

## शिकायत के कुछ ही घंटों में हटा अवैध निर्माण, बहाल हुई जल निकासी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम मुख्यालय में आयोजित संभव जनसुनवाई कार्यक्रम में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई का असर देखने को मिला। वार्ड संख्या-16, सीकरी रोड क्षेत्र में नालियों पर किए गए अवैध निर्माण को हटाकर जल निकासी की समस्या का समाधान कराया गया।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने संभव के दौरान 25 शिकायतों की सुनवाई की। इनमें निर्माण विभाग से 14, उद्यान विभाग से 3, जलकल विभाग से 4 तथा अतिक्रमण से संबंधित 4 शिकायतें शामिल थीं। निर्माण विभाग से जुड़ी अधिक शिकायतें मिलने पर नगर आयुक्त ने अधिकारियों को आवश्यकतानुसार तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान वार्ड-16 के निवासियों ने नालियों पर अवैध निर्माण और जलभराव की समस्या उठाई। नगर आयुक्त के निर्देश पर निर्माण विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण हटाकर जल निकासी सुचारु कराई। स्थानीय निवासी अर्चना तिवारी सहित अन्य लोगों ने नगर निगम की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए बताया कि शिकायत दर्ज कराने के बाद जब वे घर पहुंचे तो समाधान के लिए निगम की टीम पहले से मौके पर मौजूद थी। शिकायत के निस्तारण में कविनगर जोन के सहायक अभियंता राजेंद्र और अवर अभियंता प्रीति की भूमिका रही।

नगर आयुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संभव में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को त्वरित राहत मिल सके।

जनसुनवाई के दौरान अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, मुख्य अभियंता निर्माण एस.पी. मिश्रा, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बच्चे को बचाने के लिए नहर में कूदा युवक, खुद हुआ लापता

## एनडीआरएफ चला रही सर्च ऑपरेशन

**मुरादनगर, करंट क्राइम :** मानवता और साहस की मिसाल पेश करते हुए गाजियाबाद के प्रताप विहार निवासी करीब 29 वर्षीय युवक एक डूबते बच्चे को बचाने के प्रयास में गंग नहर में कूद गया, लेकिन तेज बहाव की चपेट में आकर स्वयं ही लापता हो गया। जानकारी के अनुसार, हादसा मंगलवार दोपहर करीब 1:45 बजे मुरादनगर गंग नहर पर हुआ। बताया जा रहा है कि एक बच्चे को डूबता देख युवक बिना अपनी परवाह किए उसे बचाने के लिए नहर में कूद पड़ा। बच्चे को बचाने के प्रयास के दौरान युवक गहरे पानी और तेज बहाव में फंस गया और देखते ही देखते लापता हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों और गोताखोरों ने युवक की तलाश शुरू की, लेकिन काफी प्रयासों के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद एनडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया गया।




टीम ने करीब डेढ़ घंटे तक सघन सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक युवक का पता नहीं चल पाया था। मौके पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद हैं। नहर क्षेत्र में खोजबीन लगातार जारी है और परिजन तथा स्थानीय लोग युवक के सकुशल मिलने की उम्मीद लगाए हुए हैं।




- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा योद्धा देना चाहते हैं बुल्डोजर के आगे खड़े होकर कौन सा संदेश? कहने वाले ने कहा कि ये है अध्यक्ष का एक अंदाज? वो बता रहे हैं सरकार के एक्शन लेने का अंदाज? सुना है उनके विरोधियों को रास नहीं आ रही है ये बात?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि स्वीमिंग पूल वाली पार्टी से कर लिया हाथ वाले पार्षदों ने किनारा? फूल वाले नेताओं के साथ हिल स्टेशन की तरफ जाते दिखे एक पार्षद? दूसरे पार्षद ने नहीं ली टेंशन और कह दिया मैं हूं आउट ऑफ स्टेशन? तीसरे पार्षद के परिजनों ने कर दी कसर पूरी? महिला पार्षद के दोनों बेटों ने पूल पार्टी में किया एन्जॉय?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि पूल पार्टी के बिल को लेकर बड़ा दिल दिखाया है फूल वाले पार्षद ने? कहने वाले ने कहा कि किसी तरह का डाउट ना रहे श्रीमान? पेटीएम से किया गया है सारे फलों का भुगतान? कहने वाले ने कहा कि पार्षदों की टेंशन दूर करने के लिए रखा गया था ये प्रोग्राम? कहने वाले ने कहा कि एक पार्षद था मेजबान और बाकी पार्षद थे मेहमान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि पूल वाली पार्टी के बाद अब फिर से शुरू हो गयी है जिम कॉरबेट वाले टूर की तैयारी? पार्षद एकता ग्रुप पर फिर से शुरू हो गयी जिम कॉरबेट वाले टूर की चर्चा? पार्षद चाहते हैं कि जिम कॉरबेट वाली हो जाये यात्रा? कहने वाले ने कहा कि पूल पार्टी से ज्यादा मिलेगी जिम कॉरबेट वाले टूर में पार्षदों की मात्रा? कहने वाले ने कहा कि पूल पार्टी से नहीं जिम कॉरबेट में जाकर खत्म होगा ये स्ट्रैस?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथ वाले दल में नहीं चल रहा है सबकुछ ठीक? कहने वाले ने कहा कि यहां संगठन वाले ही कर रहे हैं अंतरकलह की बातें बाहर जाकर लीक? हाथ वाले ने ही बताई बाहर आकर ये बात? राहुल जी तक ये पैगाम पहुंचा दो, यहां गिनती के दस कांग्रेसी हैं और वो भी नहीं चल रहे हैं एक साथ?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि एक पूर्व विधायक भूल गये हैं उन्हें हाथी से उतारा गया है कितनी बार? नीले महावत ने ही दोहरायी ये बात? कहा जिलाध्यक्ष से लेकर पार्टी के विधायक रहे चेहरे कब हो जाते हैं अंदर और कब हो जाते हैं बाहर? खुद हमें ही पता नहीं चलता कि अब ये नेता अंदर हैं या आउट? उन्होंने एक सिरे से गिना दिये नाम? फिर कहा कि चुनाव से पहले ये एंटर होंगे और चुनाव के बाद फिर हो जायेंगे बाहर?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि केसरिया नगरी में निर्वाचित कमल क्यों हो रहे हैं नामित वालों की भागदौड़ से इतना परेशान? क्या विकास कार्यों का श्रेय लेने के लिए छिड़ गयी है एक मौहल्ले में ही जंग? कहने वाले ने कहा कि वहां तो आ रहा है निकलकर अलग ही रंग? जो पहले चल रहे थे निर्वाचित के साथ साथ अब वो दिख रहे हैं नामित के संग?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नगर निगम की विधायक जी के अनुष्ठान के बाद क्या इस विधानसभा से कोई और दावेदार भी करायेगा हवन? क्या फूल वाले विधायक जी के अनुष्ठान के सामने नहीं कर पा रहा है कोई विपक्ष का दावेदार बड़ा कार्यक्रम? कहने वाले ने कहा कि जनसभा बाद में करा लेना? मगर टिकट के लिए तो करवाओ कोई कथा? कहने वाले ने कहा कि साईकिल वालों से लेकर हाथ वालों तक किसी दावेदार की दिख नहीं रही ऐसी कोई तैयारी?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि अगर कार्यकारिणी वालों को नहीं आ रहा था ये पद रास? तो उन्हें बैठक में नजर नहीं आना चाहिए था आस-पास? कहने वाले ने कहा कि ये पद को लेकर असंतोष भी जतायेंगे? और बैठक का बुलावा तो दूर सूचना भी मिल गयी तो दौड़कर जायेंगे? फ्लॉवर वालों ने गिना दी बैठक में पहुंचे कार्यकारिणी सदस्यों की संख्या जुबानी? कहा अगर वो सही में नाराज थे तो नहीं करनी थी उन्हें बैठक की तरफ रवानी?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि व्यापार मंडल वालों के यहां भी शुरू हो गयी है चुनाव की तैयारी? क्या गंज वाले बंसल ने भर ली है विधानसभा चुनाव की हुंकार? लगातार हो रही हैं व्यापारियों की बैठकें? हो रहा है ऐलान हम हैं विधानसभा चुनाव के लिए तैयार? क्या व्यापारी नेता मान जायेंगे समझाने-बुझाने से? या फिर वो लड़ेंगे चुनाव और आजमायेंगे ताकत?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा के बेटे अमन शर्मा ने बांटा शरबत, राहगीरों को गर्मी से दिलाई राहत

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मंगलवार को भीषण गर्मी के बीच पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा के बेटे अमन शर्मा के नेतृत्व में युवाओं की टीम ने न्याय खंड एक इंदिरापुरम में जल और रूहअफजा शरबत वितरित किया।

अमन शर्मा के साथ सोनू पंडित, पवन पंडित, निधि शर्मा, पिंकू, मदन, हिमांशु, अंकुर, कृष शर्मा, नीरज शर्मा, मनोज आदि युवाओं ने मुख्य चौराहे पर स्टॉल लगाकर सुबह से ही राहगीरों, मजदूरों और वाहन चालकों को ठंडा मीठा पानी पिलाया। तपती धूप में शरबत पीकर लोगों के चेहरे खिल उठे।



अमन शर्मा ने कहा, गर्मी में प्यास से परेशान लोगों की मदद करना हमारा कर्तव्य है। रूहअफजा पिलाकर सभी को राहत देकर सुकून मिला। यह सेवा आगे भी जारी रहेगी। स्थानीय लोगों ने युवाओं के इस प्रयास की सराहना की। लोगों का कहना है कि ऐसे कामों से समाज में एकता और मानवता का संदेश जाता है।

# नोएडा में जनगणना 2027 कार्य में असहयोग पर 29 प्रागणकों के खिलाफ एफआईआर की तैयारी

**नोएडा(करंट क्राइम)।** जनगणना 2027 के लिए रिसीव न करने और शासकीय कार्य में असहयोग करने पर 29 प्रागणकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए ग्रेटर नोएडा के चार्ज अधिकारी ने डीसीपी नोएडा को पत्र लिखा है।

इन दिनो पूरे देश में जनगणना 2027 का कार्य चल रहा है। इस कार्य के लिए ग्रेटर नोएडा में करीब 3000 कर्मचारियों को प्रागणक के रूप में कार्य आवंटित किया गया है, जिनमें से 29 कर्मचारी ऐसे हैं, जिन्होंने समय बीत जाने के बाद भी कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। इनसे मोबाइल पर संपर्क कर व्हाट्सएप पर ड्यूटी भेज दी गई




है, लेकिन इन लोगों ने ड्यूटी संबंधित दस्तावेज लेने से मना कर दिया। जनगणना जैसे राष्ट्रीय कार्य में सहयोग न करने के चलते चार्ज अधिकारी की तरफ से 29 प्रागणकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए डीसीपी नोएडा को पत्र लिखा है, जिन 29 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा रही है, उनमें सीमा देवी, प्रदीप कुमार, प्रीति शर्मा, आर्य, वंदना सिंह, जीके बाबू, सिंह, शशि, अमिता सिंह, प्रीति सिंह, मनीषा मथुरिया, प्रमोद सिंह, किशोरी, सिंह, तोमर, वंदना, ममता, दुरदाना, नीतू, प्रदीप शर्मा, गुलाब सिंह, ललिता, दुर्गा शुक्ला, धन देवी, कमल सिंह चौधरी, राजेश कुमार और किशोरी सिंह शामिल है। इनके खिलाफ जल्द एफआईआर दर्ज हो जाएगी। चार्ज अधिकारी ने कहा है कि जिन प्रागणकों ने अभी तक जनगणना का कार्य शुरू नहीं किया है, वे शीघ्र ड्यूटी रिसीव कर जनगणना कार्य पूर्ण करें, अन्यथा उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# चुनावी रणनीति पर समाजवादी पार्टी का मंथन संगठन को धार देने की तैयारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आगामी विधानसभा एवं स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर समाजवादी पार्टी ने संगठनात्मक गतिविधियों को गति देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी द्वारा गाजियाबाद में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं रणनीतिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन की मजबूती, सामाजिक न्याय के मुद्दों और आगामी चुनावी तैयारियों पर



गंभीर चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिठाई लाल भारती, राष्ट्रीय अध्यक्ष, समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों, संविधान की मूल भावना और सामाजिक न्याय के संदेश को घर-घर तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में कार्यकर्ताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी और संगठन की मजबूती ही सफलता का आधार बनेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता फैसल हुसैन, जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी गाजियाबाद ने की। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकताओं को जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को उठाना होगा और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाना होगा। वहीं वीरेंद्र यादव, महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी गाजियाबाद ने कार्यकताओं से जनसंपर्क अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला और महानगर इकाइयों के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान संगठन की नीतियों, विचारधारा, बूथ प्रबंधन, जनसंपर्क अभियान और आगामी चुनावी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही कार्यकताओं को क्षेत्रवार जिम्मेदारियां तय कर संगठन विस्तार और जनाधार मजबूत करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संदीप प्रधान, जिलाध्यक्ष समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी, गाजियाबाद सहित सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया गया।

# राष्ट्र सेवक डॉक्टर हेडगेवार के मंचन ने जीवंत की संघ संस्थापक की राष्ट्रभक्ति और संगठन साधना

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण के संकल्प पर आधारित नाटक राष्ट्र सेवक डॉक्टर हेडगेवार का प्रभावशाली मंचन हिन्दी भवन समिति, लोहिया नगर में किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित इस प्रस्तुति का मंचन उमापति थिएटर ग्रुप ने किया, जबकि लेखन एवं निर्देशन एस.पी. सिंह सेंगर का रहा।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मेरठ प्रांत के पदाधिकारी, विभाग प्रचारक, हिन्दी भवन समिति के पदाधिकारी, स्वयंसेवक तथा बड़ी



संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। मंचन के दौरान दर्शकों ने कई बार तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

नाटक में डॉ. हेडगेवार के बचपन से लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना तक की यात्रा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। दिखाया गया कि किस प्रकार उन्होंने कम उम्र में ही अंग्रेजी शासन के खिलाफ आवाज बुलंद की। माता-पिता के निधन जैसी कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के प्रति अपना समर्पण बनाए रखा। असहयोग आंदोलन में जेल यात्रा और कांग्रेस के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भागीदारी के दौरान उन्होंने यह महसूस किया कि राष्ट्र की शक्ति समाज के संगठन में निहित है। इसी विचार ने उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के लिए प्रेरित किया।

नाटक में यह संदेश भी प्रमुखता से उभरकर सामने आया कि डॉ. हेडगेवार का लक्ष्य केवल स्वतंत्रता प्राप्ति नहीं, बल्कि संगठित, सशक्त और चरित्रवान समाज के माध्यम से राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाना था। उनके विचारों और संघ की 100 वर्षों की यात्रा को भी मंचन में प्रभावी रूप से दर्शाया गया। डॉ. हेडगेवार की बाल, युवा और प्रौढ़ अवस्थाओं का अभिनय क्रमशः दक्ष, गर्वित गौड़ और विवेक कविश्वर ने किया। तीनों कलाकारों ने अपने अभिनय से चरित्र को जीवंत बना दिया। पत्रकार की भूमिका में राघवेंद्र तिवारी ने प्रभाव छोड़ा, जबकि गुरुजी और गांधीजी के पात्रों का अभिनय भी दर्शकों की सराहना बटोरने में सफल रहा। प्रवीण, दीप, नीतेश और राज ने भी अपने-अपने किरदारों को प्रभावशाली ढंग से निभाया।

मुख्य अतिथि के रूप में प्रेम (मेरठ प्रांत संघ चालक) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में देवेंद्र (गाजियाबाद विभाग कार्यवाह) तथा सांसद अतुल गर्ग (गाजियाबाद विभाग प्रचारक) शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित दर्शकों और स्वयंसेवकों ने नाटक के शोधपरक लेखन, ऐतिहासिक तथ्यों की प्रस्तुति और सशक्त निर्देशन की सराहना करते हुए इसे संघ शताब्दी वर्ष का एक यादगार सांस्कृतिक आयोजन बताया।

# श्रमिक हिंसा मामले में डीयू का एलएलबी छात्र गिरफ्तार

## पुलिस ने बताई साजिश की भूमिका

**नोएडा (करंट क्राइम)।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में 13 अप्रैल 2026 को हुई श्रमिक हिंसा के मामले में कमिश्नरेट पुलिस ने दिल्ली विश्वविद्यालय के एलएलबी छात्र योगेश मीणा को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि हिंसा के पीछे सुनियोजित साजिश रची गई थी और योगेश मीणा इस पूरे घटनाक्रम में सक्रिय भूमिका निभा रहा था। वह मूल रूप से जयपुर का निवासी है और दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष पद का चुनाव भी लड़ चुका है। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि योगेश मीणा को रविवार रात गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान पुलिस को कई डिजिटल और तकनीकी साक्ष्य मिले, जिनके आधार पर उसकी भूमिका सामने आई।

पुलिस के अनुसार, योगेश मीणा ने सोशल मीडिया और विभिन्न व्हाट्सऐप समूहों के माध्यम से




श्रमिकों के बीच आक्रोश और भ्रम फैलाने का प्रयास किया। आरोप है कि हिंसा के दौरान और उसके बाद उसने कई समूहों में यह प्रचारित किया कि नोएडा पुलिस के एक अधिकारी का कथित चालक श्रमिकों के संपर्क में है और आंदोलन से जुड़े लोगों को उकसा रहा है।

पुलिस का कहना है कि जांच में यह दावा पूरी तरह भ्रामक पाया गया। मामले में पहले गिरफ्तार किए जा चुके अनिल नामक व्यक्ति के संबंध में जांच में सामने आया कि उसका किसी पुलिस अधिकारी से कोई संबंध नहीं था और न ही वह किसी अधिकारी का चालक था। जांच एजेंसियों के अनुसार, अनिल और योगेश मीणा के बीच लगातार संपर्क था तथा हिंसा वाले दिन भी दोनों के बीच बातचीत हुई थी। पुलिस का आरोप है कि योगेश ने अनिल को सक्रिय किया और विभिन्न व्हाट्सऐप समूहों में जोड़ने में भूमिका निभाई। उसके कहने पर ही कथित रूप से कई भड़काऊ संदेश, ऑडियो और पोस्ट साझा किए गए, जिनका उद्देश्य श्रमिकों को उकसाना और माहौल को तनावपूर्ण बनाना था।

पुलिस ने यह भी बताया कि योगेश मीणा कथित रूप से आरडब्ल्यूपीआई (रिवोल्यूशनरी वर्कर्स पार्टी ऑफ इंडिया) और दिशा फाउंडेशन से जुड़ा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है और डिजिटल साक्ष्यों का विश्लेषण जारी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले में अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# लापता सब्जी विक्रेता का शव मिला मोदीपोन चौकी के पास , परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर स्थित जगतपुरी कॉलोनी निवासी सब्जी विक्रेता मंगू का शव मंगलवार सुबह मोदीपोन पुलिस चौकी के पास लावारिश अवस्था में मिला। मंगू सोमवार को बहन के यहां जाने की बात कहकर घर से निकला था। परिजनों ने पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने छानबीन के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि मंगलवार सुबह पुरानी मोदीपोन पुलिस चौकी के समीप एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली। जानकारी के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन की। मृतक की जेब से एक मोबाइल बरामद हुआ। मृतक की शिनाख्त जगतपुरी कॉलोनी निवासी 35 वर्षीय मंगू पुत्र रणवीर सिंह के रूप में हुई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने मृतक की शिनाख्त मंगू के रूप में की। मंगू की मौत की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। रणवीर सिंह ने बताया कि मंगू फेरी लगाकर सब्जी बेचता था। मंगू सोमवार सुबह अपनी बहन के यहां जाने की बात कहकर घर से निकला था, मगर वहां नहीं पहुंचा। मंगू का मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ हो गया था। परिजनों के अनुसार मंगू के शरीर पर चोट के निशान हैं। उन्होंने मंगू की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया। मंगू विवाहित था और उसकी दो पुत्रियां हैं। मंगू परिवार में अकेला कमाने वाला था। मंगू की मौत के बाद परिवार के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस की बड़ी सफलता: 121 गुम मोबाइल बरामद कर लौटाई लोगों की मुस्कान

**नोएडा (करंट क्राइम)।** गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट पुलिस ने पिछले कुछ महीनों में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से गुम और चोरी हुए 121 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आई और उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेन्द्र कुमार सिंह, एडीसीपी सेंट्रल नोएडा स्वतंत्र कुमार सिंह तथा एसीपी तृतीय सेंट्रल नोएडा राजीव गुप्ता के पर्यवेक्षण में सर्विलांस सेल और थाना सूरजपुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस के अनुसार, बरामद किए गए मोबाइल विभिन्न कंपनियों के स्मार्टफोन हैं, जो भीड़भाड़ वाले बाजारों, बसों, ऑटो, सार्वजनिक स्थानों या आवागमन के दौरान लोगों से गुम हो गए थे। इन मामलों की सूचना सेंट्रल नोएडा जोन



के विभिन्न थानों में दर्ज कराई गई थी।

एडीसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि गुम हुए मोबाइल फोन की जानकारी एकत्र कर उन्हें सर्विलांस पर लगाया गया। तकनीकी निगरानी और अन्य आधुनिक तरीकों की मदद से मोबाइल फोन का पता लगाया गया। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कुछ मोबाइल चोरों द्वारा बेहद कम कीमत पर अन्य लोगों को बेच दिए गए थे। पुलिस ने ऐसे खरीदारों से संपर्क कर मोबाइल फोन बरामद किए।

उन्होंने बताया कि बरामद सभी मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों की पहचान कर उन्हें सौंप दिए गए हैं। इससे पहले भी कमिश्नरेट पुलिस इसी प्रकार के अभियानों के माध्यम से बड़ी संख्या में गुम हुए मोबाइल बरामद कर लोगों को वापस दिला चुकी है। मोबाइल फोन वापस मिलने पर लोगों ने गौतमबुद्धनगर पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। पुलिस का कहना है कि गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन की तलाश और बरामदगी का अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को उनकी खोई हुई संपत्ति वापस दिलाई जा सके।